दैनिक
# बुलन्द मंज़िल
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)
PRGI NO. - UPBIL/25/A4797
उ.प्र. के जनपद सम्भल से प्रकाशित...
बरेली मण्डल व मुरादाबाद मण्डल के जनपद अमरोहा, रामपुर, बिजनौर से प्रसारित...
वर्ष : 01 | अंक : 104 | संभल, शुक्रवार 27 मार्च 2026 | पृष्ठ : 12 | मूल्य: 05/-रू.

आवश्यकता है
मेरठ, हापुड़, बरेली, गाज़ियाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ आदि शहरो में जनपद स्तर, तहसील स्तर, ब्लॉक स्तर पर पत्रकारों की आवश्यकता है।
सम्पर्क सूत्र
मोब.- 8630704122

पेज :- 03- महानगर के 9 मंडलों में मन की बात , डॉ श्यामा प्रसाद...
पेज :- 04- रोटरी क्लब हापुड़ के नवनियुक्त अध्यक्ष मुस्लिम कुरैशी..

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी पर 26 व 27 मार्च को अवकाश

लखनऊ। रामनवमी के अवसर पर प्रदेश सरकार ने बड़ा निर्णय लेते हुए अवकाश को एक दिन और बढ़ा दिया है। अब 26 मार्च के साथ-साथ 27 मार्च को भी सार्वजनिक अवकाश रहेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह फैसला प्रदेश भर के मंदिरों में बढ़ रही श्रद्धालुओं की संख्या और जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया है। लगातार दो दिन की छुट्टी से श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना और दर्शन में सुविधा मिलेगी। साथ ही व्यवस्थाओं को भी बेहतर ढंग से संभाला जा सकेगा।

### दिल्ली में 183 एलपीजी सिलेंडर बरामद

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने दक्षिण दिल्ली के संगम विहार इलाके में अलग-अलग स्थानों पर छापे मारे और जमाखोरी करके रखे गए 180 से ज्यादा एलपीजी गैस सिलेंडर बरामद किए तथा इस बाबत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### बोस कृष्णामाचारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप

नई दिल्ली। केरल के तटीय शहर कोच्चि में विश्वभर के कलाकारों को एक मंच पर लाने वाले 'कोच्चि-मुजिरिस द्विवार्षिक कला सम्मेलन' के सह-संस्थापक बोस कृष्णामाचारी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगने से यह कार्यक्रम एक बार फिर विवादों से घिर गया है। कोच्चि द्विवार्षिक कला सम्मेलन फाउंडेशन के अध्यक्ष वेणु वासुदेवन ने बताया कि यौन उत्पीड़न की शिकायत कृष्णामाचारी के जनवरी में अध्यक्ष पद से इस्तीफे का एक कारण थी।

## पश्चिम एशिया के हालात पर सरकार ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

- सर्वदलीय बैठक में राहुल नहीं पहुंचे, टीएमसी का बहिष्कार

# रिजिजू बोले- विपक्ष सरकार के साथ कांग्रेस ने संसद में बहस की मांग की



### पाकिस्तान जैसा 'दलाल देश' नहीं भारत

नई दिल्ली। सर्वदलीय बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत 'पाकिस्तान जैसे दलाल देश' की तरह काम नहीं करेगा। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह टिप्पणी उस संदर्भ में आई जब पाकिस्तान ने खुद को मध्य-पूर्व संकट में संभावित मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की थी। भारत ने स्पष्ट किया कि उसकी विदेश नीति स्वतंत्र और सिद्धांत आधारित है, न कि किसी तीसरे पक्ष की भूमिका निभाने पर आधारित। इस बयान को भारत की कूटनीतिक रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें वह वैश्विक मंच पर अपनी अलग और स्पष्ट स्थिति बनाए रखना चाहता है।

■ नई दिल्ली

ईरान-इजराइल जंग के बीच सरकार ने बुधवार को सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में मिडिल ईस्ट पर के हालातों और देश में गैस-तेल की उपलब्धता सरकार ने विपक्ष के सवालों के जवाब दिए। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष ने कहा है कि वो सरकार के साथ है। वहीं बैठक से बाहर निकले कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने सर्वदलीय बैठक को असंतोषजनक बताया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की मुख्य मांग है कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर लोकसभा और राज्यसभा में विस्तृत चर्चा कराई जाए। बैठक से पहले ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने बैठक में शामिल ना होने का फैसला लिया है। वहीं, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर सभी दलों के मिडिल ईस्ट के हालतों पर ब्रीफिंग दी। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आज की सर्वदलीय बैठक में सरकार ने सभी सवालों के जवाब और पूरी जानकारी दी है। उन्होंने भरोसा जताया कि इसके बाद विपक्ष भी इस संकट के समय एकजुट होकर देश के साथ खड़ा रहेगा। रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी अपील की है कि पूरा देश एकजुट रहे और संसद से एकता का संदेश जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में लगभग सभी प्रमुख राजनीतिक दलों ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों पक्षों की बड़ी पार्टियों के प्रतिनिधि बैठक में मौजूद थे। रिजिजू के अनुसार, सिर्फ टीएमसी ने इस बैठक में हिस्सा नहीं लिया। उन्होंने बताया कि टीएमसी से दो बार पूछने पर भी उन्होंने कहा कि वे किसी और कार्यक्रम में जा रहे हैं, इसलिए बैठक में शामिल नहीं होंगे।

-शेष अंतिम पृष्ठ पर

## पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं, कीमत भी नहीं बढ़ाईं

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों को सप्लाई करने वाले टर्मिनलों पर भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान लोगों से डर और घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करने से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। सुजाता शर्मा ने कहा- पैनिक बाइंग के कारण पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट्स के बाहर लंबी कतारें देखी गई हैं। हम बताना चाहते हैं कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। हमारे पास सालाना करीब 26 करोड़ टन कच्चा तेल रिफाइन करने की क्षमता है। ईरान के साथ इजराइल और अमेरिका की जंग का आज 26वां दिन है। जंग के कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से तेल और गैस सप्लाई की सप्लाई प्रभावित है। भारत अपनी जरूरत का 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से मंगाता है।पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आगे कहा- पिछले 25 दिनों में करीब 2.5 लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं।

### 35 दिन बाद गैस बुकिंग की बात झूठ

पेट्रोलियम मंत्रालय ने बुधवार की सुबह बताय कि एलपीजी रिफिल बुकिंग के समय में बदलाव से जुड़ी खबरें और सोशल मीडिया पर चल रही जानकारी पूरी तरह गलत हैं। मंत्रालय ने कहा कि बुकिंग की मौजूदा समय-सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह पहले की तरह ही जारी रहेगी। बयान में कहा गया कि कुछ रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि पीएमयूवाय कनेक्शन के लिए 45 दिन, नॉन-पीएमयूवाय सिंगल सिलेंडर के लिए 25 दिन और डबल सिलेंडर के लिए 35 दिन की नई समय-सीमा तय की गई है, लेकिन ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है।

इसके अलावा लगभग 2.20 लाख उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट किया है। साथ ही करीब 2.5 लाख नए आवेदन या रजिस्ट्रेशन भी प्राप्त हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर एलपीजी की भी कोई कमी नहीं है और ऑनलाइन बुकिंग अच्छी चल रही है। अब तक लगभग 26 राज्यों ने 22,000 टन कमर्शियल एलपीजी का आवंटन किया है, जिसमें राज्य सरकारों और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों दोनों की आपूर्ति शामिल है।



### छोटे शहरों के लिए बड़ी 'उड़ान'

## 100 नए एयरपोर्ट और 200 हेलीपैड के लिए सरकार ने खोला खजाना, 28,840 करोड़ मंजूर

। नई दिल्ली

भारत सरकार ने देश के विमानन ढांचे, इमिग्रेशन प्रणाली और वैश्विक जलवायु प्रतिबद्धताओं को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। केंद्रीय कैबिनेट ने कुल 30,640 करोड़ रुपये के की परियोजनाओं और नीतिगत फैसलों को अपनी मंजूरी दे दी है। इन अहम फैसलों में क्षेत्रीय हवाई यातायात को बढ़ावा देने वाली नई उड़ान योजना और 'आईवीएफआरटी 3.0' के विस्तार के साथ-साथ पेरिस समझौते के तहत भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) से जुड़ा एक महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय शामिल है।

**वीजा सिस्टम का होगा आधुनिकीकरण:** कैबिनेट ने विदेशियों के भारत आने, उनके वीजा और रजिस्ट्रेशन की पूरी प्रक्रिया को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने 'इमिग्रेशन, वीजा, फॉरेनर्स रजिस्ट्रेशन एंड ट्रैकिंग' (आईवीएफआरटी 3.0) योजना को अगले पांच वर्षों यानी 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है, इसके लिए 1,800 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

### उड़ान योजना में बड़ा बदलाव

कैबिनेट की बैठक में सबसे बड़ा वित्तीय आवंटन विमानन क्षेत्र के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए किया गया है। टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई संपर्क को और बेहतर बनाने के लिए सरकार ने 'नई उड़ान योजना' को 28,840 करोड़ रुपये की भारी-भरकम मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में 100 नए हवाई अड्डों और 200 हेलीपैड विकसित करने की योजनाओं के साथ क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बड़ा बढ़ावा मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना में दो भाइयों सहित तीन की मौत

■ रानीपुर

करौली माता के दर्शन करने जा रहे दो मौसेरे भाइयों सहित तीन की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना मप्र के मुरैना के पास की बताई गई है। तीनों साथी एक मोटरसाइकिल से करौली माता राजस्थान दर्शन करने के लिए जा रहे थे। जानकारी के अनुसार शिवम वर्मा पुत्र महेंद्र कुमार बरार 17 वर्ष निवासी रानीपुर, तथा विशाल पुत्र भागीरथ बरार निकटवर्ती ग्राम बसारी 18 वर्ष





दोनों आपस में मौसेरे भाई हैं। वह अपने माता-पिता के साथ ग्वालियर में रहते हैं। दोनों मौसेरे भाई बीते एक सप्ताह पूर्व रानीपुर से ग्वालियर गए थे। गत 24 मार्च को 10 बजे शिवम, विशाल तथा ग्वालियर निवासी मित्र अरुण तीनों एक मोटरसाइकिल से ग्वालियर से करौली माता के दर्शन के लिए जा रहे थे। बताया गया है कि मुरैना के पास किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे विशाल एवं अरुण की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि शिवम ने मुरैना अस्पताल में दम तोड़ दिया। यह घटना रात्रि 1:30 के लगभग की बताई जा रही है। इसकी जानकारी उनके अन्य साथियों ने दी, जो आगे दूसरी मोटरसाइकिल से जा रहे थे। शिवम अपने परिवार में दो भाई थे तथा विशाल अपने माता-पिता का इकलौता चिराग था। यहां रानीपुर तथा बसारी में परिजनों को हादसे की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। दोनों के पिता आपस में साढ़ू हैं। उनके पिता वहां ग्वालियर में रहकर मजदूरी करके भरण पोषण करते हैं। तीसरा मृतक अरुण प्रजापति ग्वालियर का रहने वाला है। रानीपुर व बसारी निवासी दोनों का मुरैना में पोस्टमार्टम हुआ है। जैसे ही मृतकों के शव गांव पहुंचे तो माहौल गमगीन हो गया।

## अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर चार्जशीट दाखिल होने तक रोक

■ प्रयागराज



शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंजूर कर ली। न्यायालय ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला उच्च न्यायालय के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने बुधवार को दोपहर बाद 3.45 बजे सुनाया। उधर, आशुतोष महाराज के प्रवक्ता रीना एन सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत दे दी है। इसके बावजूद हमारी न्याय के लिए लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि हम इस आदेश से संतुष्ट नहीं है न्याय के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि हम धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। शंकराचार्य की गिरफ्तारी के लिए उच्चतम न्यायालय जाएंगे।

## दिव्यता का उत्कर्ष : रामनवमी पर रामलला का ऐतिहासिक जन्मोत्सव

- अयोध्या में आस्था और विज्ञान का संगम : सूर्य तिलक बनेगा मुख्य आकर्षण

■ अयोध्या

रामनगरी अयोध्या इस वर्ष रामनवमी पर भव्य और ऐतिहासिक आयोजन की साक्षी बनेगी। भगवान राम के बाल स्वरूप रामलला का जन्मोत्सव पहले से अधिक दिव्यता और वैभव के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान आस्था और आधुनिक विज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा, जिसमें दोपहर में होने वाला सूर्य तिलक विशेष आकर्षण रहेगा। मंदिर में रामलला का विशेष विधि-विधान से अभिषेक किया जाएगा और उन्हें पीतांबर वस्त्र धारण कराए जाएंगे। इसके साथ ही स्वर्ण मुकुट एवं हीरा-पन्ना जड़ित आभूषणों से उनका दिव्य श्रृंगार किया जाएगा, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा पूजा-अनुष्ठान का विस्तृत कार्यक्रम तय किया गया है, जिससे भक्तों को व्यवस्थित और दिव्य दर्शन का अवसर मिल सकेगा।

### बहराइच में पुनर्वास, धनराशि एवं भूमि पट्टों के वितरण में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## 'पीडीए की बात करने वालों को क्यों याद नहीं आए पिछड़े

■ बहराइच

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातियों में बांटकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली पिछली सरकारों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जिन परिवारों का पुनर्वास किया जा रहा है, उनमें दलित, पिछड़े, यादव, मौर्य, कुशवाहा व थारू जनजाति आदि से जुड़े लोग भी हैं। हमने उन्हें जातीय चश्मे से नहीं देखा, क्योंकि वे हमारे लिए परिवार का हिस्सा हैं। उन्हें सुरक्षा के साथ ही शासन की सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए, ताकि वे भी उज्ज्वल भविष्य के सपने बुन सकें और विकास की उड़ान का हिस्सा बन



सकें। लेकिन जो लोग सत्ता में आने पर केवल परिवार तक सीमित रह जाते हैं, उन्हें भरथापुर के मौर्य, यादव, दलित व पिछड़ी जातियों के लोग याद नहीं आ रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को ग्राम पंचायत सेमरहना में हुए कार्यक्रम में भरथापुर के 118 लाभार्थियों को 15 लाख रुपये प्रति हितग्राही की दर से पुनर्वास धनराशि एवं कृषि भूमि आदि परिसंपत्तियों के समतुल्य 21.55 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण किया। उन्होंने 136 परिवारों को मुख्यमंत्री आवास, शौचालय और आवास के लिए भूमि के पट्टों का वितरण भी किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक सरोज सोनकर, सुभाष त्रिपाठी, सुरेश्वर सिंह, अनुपमा जायसवाल, रामनिवास वर्मा, विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी, डॉ.प्रज्ञा त्रिपाठी, पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय मौजूद रहे।

### अखिलेश यादव का तंज

# बोले- यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस, भाजपा ने लोगों को लाइन में लगाया

**लखनऊ।** यूपी में एलपीजी की किल्लत को लेकर गैस एजेंसियों के सामने लगी लंबी लाइनों को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोगों को लाइनों में लगाने के अलावा किया ही क्या है। अब मैं देख रहा हूं कि लोग पेट्रोल के लिए भी लाइनों में लगे हुए हैं। अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को सपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने एलपीजी संकट को लेकर कुछ भी तैयारी नहीं की। अब तो 14 किलो का सिलिंडर भी 10 किलो का आ रहा लेकिन उससे भी ज्यादा ली जा रही है। यूपी में एलपीजी का मतलब लापता गैस है। गैस न मिलने से लोगों को खाना बनाने के लिए गैस और चूल्हे का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक कचौरी



एक समोसा अब गैस पर न रहा भरोसा। सुना है कोयले पर चाय और रोटी अच्छी बनती है। कई लोग स्मोक्ड फूड पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संसद में कोरोना का जिक्र किया है तो उनके पास जानकारी होगी। पड़ोसी देशों ने एनर्जी सेविंग के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। जब तक भाजपा रहेगी देश को आत्मनिर्भर नहीं बनने देगी। उन्होंने यूपी सरकार के दिए गए बयान कि गैस की कोई कमी नहीं है पर कहा कि योगी की बातों में न आएं उनकी चलाचली की बेला है। वो योगी नहीं हैं। उन्होंने शंकराचार्य का अपमान किया है उनसे सावधान रहें। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार निवेश के बड़े-बड़े दावे करती है। सुबह सुबह सीएम का ट्वीट अंग्रेजी में आया। कुछ दिन पहले उनकी पोल एक एमओयू को लेकर खुल गई। पूरे देश में उनकी चर्चा हुई। हम सभी एमओयू की जांच की मांग करते हैं। एमओयू करने वाली कंपनी का कोई फाइनेंशियल बैकग्राउंड नहीं है। भाजपा का राज इवेंट पर चलता है। हिटलर राज में एक प्रोपेगेंडा मंत्री था लेकिन भाजपा सरकार में केंद्र और प्रदेश के सभी मंत्री प्रोपोगेंडा मिनिस्टर हैं। सभी खुद को पीएम समझते हैं। नवरात्र खत्म हो रहे हैं लेकिन भाजपा अभी उधेड़बुन में है कि किसे मंत्री बनाएं? अब सरकार का कार्यकाल खत्म हो रहा है। भाजपा के लोग पीडीए से डरे हुए हैं सपा पीडीए को जोड़कर आगे बढ़ने जा रही है। महिला आरक्षण का मुद्दा सिर्फ ध्यान भटकाने के लिए, सपा देगी 40 हजार हर साल अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लोगों का ध्यान भटकाने के लिए महिलाओं के आरक्षण की बात कर रही है। इन लोगों ने यूपी विधानसभा और लोकसभा में कितनी महिलाओं को टिकट दिया। बंगाल में कितनी महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अब ध्यान भटकाने के लिए नई चीज लेकर आ रहे हैं जिससे उस पर बात हो। सपा की मांग है कि सभी जातियों की गिनती हो और उसी अनुपात में आरक्षण मिले। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार आने पर महिलाओं के लिए स्त्री सम्मान समृद्धि योजना का शुभारंभ करेंगे। इसके तहत हर महिला को सालाना 40 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## होर्मुज में तनाव के बीच सरकार बोली: पेट्रोल-डीजल और एलपीजी की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को साफ तौर पर कहा कि देश में पेट्रोलियम और एलपीजी (एलपीजी) की आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित और नियंत्रण में है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे 'भ्रामक और दुष्प्रचार' पर ध्यान न दें, जिसका उद्देश्य बेवजह घबराहट पैदा करना है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, भारत के पास कुल मिलाकर 74 दिनों की भंडारण क्षमता है, जिसमें से वर्तमान में लगभग 60 दिनों का स्टॉक उपलब्ध है। इसमें कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और भूमिगत रणनीतिक भंडारण (कवर्न) शामिल हैं। मंत्रालय ने बताया कि मध्य पूर्व संकट के 27वें दिन भी देश में कहीं भी पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने कहा, हर भारतीय के लिए लगभग दो महीने की निरंतर आपूर्ति उपलब्ध है, चाहे वैश्विक परिस्थितियां कैसी भी हों। साथ ही अगले दो महीनों के लिए कच्चे तेल की खरीद भी पहले ही सुनिश्चित कर ली गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि कुछ देशों में जहां ईंधन की कीमतों में भारी वृद्धि, राशनिंग, ऑड-ईवन नियम और पेट्रोल पंप बंद होने जैसी स्थिति है, वहीं भारत में ऐसी किसी भी आपातकालीन उपाय की जरूरत नहीं है। सरकार की ओर से कहा गया है कि कुछ जगहों पर घबराहट में ईंधन खरीदने की घटनाएं सामने आईं, लेकिन सरकार ने इसे सोशल मीडिया पर फैलाए गए भ्रामक वीडियो का परिणाम बताया। इसके बावजूद सभी उपभोक्ताओं को ईंधन उपलब्ध कराया गया और तेल कंपनियों ने रातभर डिपो चलाकर सप्लाई बढ़ाई। सरकार ने पेट्रोल पंप मालिकों को राहत देते हुए क्रेडिट सीमा 1 दिन से बढ़ाकर 3 दिन कर दी है, ताकि कार्यशील पूंजी की कमी के कारण किसी भी पंप पर ईंधन की कमी न हो। एलपीजी को लेकर भी सरकार ने किसी तरह की कमी से इनकार किया है। मंत्रालय के अनुसार, घरेलू उत्पादन में 40% की वृद्धि की गई है, जिससे रोजाना उत्पादन 50 हजार मीट्रिक टन(टीएमटी) तक पहुंच गया है।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल



# कन्वर्जन पर विराम की दिशा में एक कदम

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में धर्म, जाति और सामाजिक न्याय के प्रश्न हमेशा जटिल रहे हैं। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि हिंदू, सिख या बौद्ध धर्म से बाहर जाने पर अनुसूचित जाति का दर्जा समाप्त हो जाता है, केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक संतुलन स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जाना चाहिए। इस निर्णय का सबसे बड़ा प्रभाव उस प्रवृत्ति पर पड़ता है जिसे आम तौर पर 'कन्वर्जन' कहा जाता है। लंबे समय से यह आरोप लगता रहा है कि समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, विशेषकर अनुसूचित जातियों को, विभिन्न प्रकार के प्रलोभनों या दबावों के माध्यम से धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि भारत में यह काम ईसाई मिशनरीज और पेट्रो डॉलर की डैम पर इस्लामी तंजीमें अंजाम दे रहीं हैं। ऐसे में यह सवाल उठता रहा है कि क्या धर्म परिवर्तन के बाद भी उन्हें उसी सामाजिक श्रेणी के लाभ मिलते रहने चाहिए, जिसका आधार मूलतः एक विशिष्ट सामाजिक संरचना में उत्पन्न भेदभाव है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में इस मुद्दे को स्पष्ट करते हुए कहा कि अनुसूचित जाति का दर्जा ऐतिहासिक सामाजिक उत्पीड़न से जुड़ा है, जो मुख्यतः हिंदू समाज की जातिगत संरचना में निहित रहा है। जब कोई व्यक्ति स्वेच्छा से उस धार्मिक ढांचे से बाहर जाता है, तो वह उस आधार से भी बाहर हो जाता है, जिस पर उसे यह विशेष संवैधानिक संरक्षण मिला था। यह तर्क न केवल कानूनी रूप से सुसंगत है, बल्कि सामाजिक न्याय की अवधारणा के अनुरूप भी है। इस फैसले को एक व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखें तो यह हिंदू समाज के लिए भी महत्वपूर्ण संदेश देता है। वर्षों से यह चिंता जताई जाती रही है कि बड़े पैमाने पर कन्वर्जन की घटनाएं सामाजिक संतुलन को प्रभावित कर रही हैं। यदि धर्म परिवर्तन के बाद भी आरक्षण जैसे लाभ मिलते रहें, तो यह प्रक्रिया और तेज हो सकती है, क्योंकि इससे दोहरे लाभ की स्थिति बनती है ,धर्म परिवर्तन के साथ नए अवसर और पुराने सामाजिक लाभ भी। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय इस प्रवृत्ति पर एक स्वाभाविक नियंत्रण स्थापित करता है। यह संदेश स्पष्ट है कि धर्म परिवर्तन केवल व्यक्तिगत आस्था का विषय नहीं है, बल्कि उसके साथ जुड़े सामाजिक और कानूनी परिणाम भी हैं। जब यह स्पष्ट हो जाता है कि कन्वर्जन के साथ कुछ विशेष संवैधानिक लाभ समाप्त हो जाएंगे, तो यह निर्णय लोगों को अधिक सोच-समझकर कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। हालांकि, यह भी जरूरी है कि इस फैसले को किसी समुदाय विशेष के खिलाफ न देखा जाए, बल्कि इसे एक संतुलनकारी कदम के रूप में समझा जाए। संविधान हर नागरिक को अपनी आस्था चुनने की स्वतंत्रता देता है, लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करता है कि सामाजिक न्याय की नीतियों का दुरुपयोग न हो। यही इस निर्णय का मूल भाव है। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना होगा कि केवल कानून से सामाजिक समस्याओं का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। यदि समाज में अभी भी ऐसे कारण मौजूद हैं जो लोगों को अपने मूल धर्म से दूर जाने के लिए प्रेरित करते हैं, तो उन कारणों पर भी गंभीरता से विचार करना होगा। सामाजिक समरसता, समान अवसर और सम्मानजनक जीवन की गारंटी ही ऐसे किसी भी कन्वर्जन की प्रवृत्ति को स्वाभाविक रूप से कम कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस बात का एक महत्वपूर्ण संकेत है कि अधिकार और जिम्मेदारी दोनों साथ-साथ चलते हैं। यह निर्णय न केवल कानूनी स्पष्टता लाता है, बल्कि यह भी बताता है कि सामाजिक न्याय की व्यवस्था को संतुलित और पारदर्शी बनाए रखना कितना आवश्यक है। यदि इसे सही संदर्भ में समझा जाए, तो यह निर्णय समाज में स्थिरता और संतुलन की दिशा में एक सकारात्मक कदम साबित हो सकता है।

# श्रीराम आज भी प्रासंगिक क्यों हैं ?

सामयिक



बलबीर पुंज

सभी पाठकों को पावन रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं। हिंदू परंपरा में श्रीराम भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं, जिनका अवतरण त्रेतायुग में हुआ। महर्षि वाल्मीकि प्रणीत रामायण और गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरितमानस में श्रीराम को जिस रूप में चित्रित किया गया है, वह आज भी कितना प्रासंगिक है– यह एक स्वाभाविक विचार है। इसी संदर्भ में भगवान विष्णु के ही आठवें अवतार श्रीकृष्ण का भी स्मरण होता है। दोनों ही करोड़ों हिंदुओं के लिए केवल ईश्वर नहीं, बल्कि आस्था, मर्यादा, जीवन-दर्शन और पथ-प्रदर्शक के शाश्वत प्रतीक हैं। 'मर्यादा पुरुषोत्तम' श्रीराम धर्म, त्याग और आदर्श शासन की प्रेरणा देते हैं, जबकि 'योगेश्वर' श्रीकृष्ण कर्म, नीति, प्रेम और जीवन के गूढ़ रहस्यों का बोध कराते हैं। दोनों के बिना भारतीय जीवन-दृष्टि अपूर्ण है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि आज के युग में मानव-जीवन के लिए इन दोनों अवतारों की शिक्षाओं को किस रूप में आत्मसात किया जाए।

श्रीराम और श्रीकृष्ण भिन्न-भिन्न परिस्थितियों में अवतरित हुए। श्रीराम का जन्म ऐसे वातावरण में हुआ, जहां परिवार और समाज का पूर्ण सहयोग उन्हें प्राप्त रहा। माता-पिता, भरत और लक्ष्मण जैसे त्यागमयी भाई–सभी ने जीवन के प्रत्येक मोड़ पर उनका साथ दिया। यहां तक कि कैकेयी, जिनके कारण उन्हें कष्टकारी वनवास मिला– वे भी उनके 'अपनी' हैं। अयोध्यावासी भी उनके प्रति गहन प्रेम और निष्ठा रखते थे। इस प्रकार श्रीराम का संघर्ष मुख्यतः बाहरी है। इसके विपरीत, श्रीकृष्ण का जीवन प्रारंभ से ही अंतर्युद्ध का प्रतीक रहा। जन्म लेते ही उन्हें अपने ही मामा कंस के भय से गोकुल भेजना पड़ा। वहां भी उनके वध हेतु कालिया, पूतना, शकटासुर, त्रिणावर्त, वत्सासुर, अघासुर, बकासुर, व्योमासुर और अरिष्टासुर जैसे अनेक असुरों को भेजा गया। फिर भी कान्हा ने अपने सभी शत्रुओं का परास्त किया। आगे महाभारत के रूप में उन्हें अपने ही कुल-परिवार के भीतर भीषण छल और युद्ध का सामना करना पड़ा।

श्रीराम, पिता के निधन का समाचार पाकर वन में विलाप करते हैं और सीता-हरण के पश्चात व्याकुल होकर वन-वन भटकते हैं। इसके प्रतिकूल, श्रीकृष्ण बाल्यकाल से ही अद्वितीय धैर्य और संतुलन के प्रतीक बने रहते हैं। जन्म से लेकर प्रभास क्षेत्र तक उनके जीवन में असंख्य चुनौतियां आईं, किंतु श्रीकृष्ण ने कभी उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और सुदर्शन चक्रधारी के रूप में हर बार भगवान विष्णु के आठवें अवतार के रूप में अपनी दिव्यता का परिचय कराया। वहीं श्रीराम हरि अवतार होते हुए भी अपनी प्रत्येक पीड़ा का सामना सामान्य मानव की तरह करते हैं। चूंकि सामान्य मनुष्य को श्रीकृष्ण की भांति आलौकिक शक्तियां प्राप्त नहीं होती, इसलिए श्रीराम का जीवन हर युग में मानव के लिए अधिक अनुकरणीय प्रतीत होता है। श्रीराम उन जीवन मूल्यों के संग्रह हैं, जो व्यक्ति, समाज और विश्व को संतुलित, सुखी और मर्यादित जीवन जीने की दिशा दिखाते हैं। उनके जीवन का विश्लेषण अनेक मिथकों को खंडित करता है और यह बताता है कि प्रत्येक परिस्थिति में मनुष्य को कैसा आचरण करना चाहिए। उदाहरणस्वरूप, पिनाक (शिवधनुष) भंग होने के पश्चात जब भगवान परशुराम और लक्ष्मण के बीच वाक्य-विवाद होता है और वातावरण अत्यंत तनावपूर्ण हो जाता है, तब श्रीराम अपनी विनम्रता और मधुर वाणी से स्थिति को संभालते हैं। फिर परशुरामजी, श्रीराम की महिमा स्वीकार करते हुए उनकी स्तुति करते हैं और फिर तपस्या हेतु वन चले जाते हैं– 'कहि जय जय रघुकुल केतु, भृगुपति गए बनहि तप हेतु।'

यह प्रसंग सिखाता है कि सफलता के शिखर पर पहुंचकर भी व्यक्ति को संयम और विनय नहीं छोड़ना चाहिए। श्रीराम सामाजिक समरसता के जीवंत प्रतीक हैं। वनवास के कठिन



समय में उन्होंने अपने सहयोगी वन से चुने। केवट, निषाद, कोल, भील, किरात और वानर-भालू सभी उनके साथी बने। यदि वे चाहते, तो अयोध्या या जनकपुर से सहायता ले सकते थे, किंतु उन्होंने समाज के उन वर्गों को अपनाया, जिन्हें आज दलित, जनजातीय या पिछड़ा कहा जाता है। उन्होंने इन सभी को 'सखा' कहकर संबोधित किया और हनुमानजी को लक्ष्मण से भी अधिक प्रिय बताया– 'सुनु कपि जिय मानसि जनि ऊना, तैं मम प्रिय लछिमन ते दूना। ' इस संदर्भ में शबरी प्रसंग अत्यंत मार्मिक है। शबरी स्वयं को अत्यंत निम्न मानते हुए कहती हैं– 'अधम ते अधम अधम अति नारी... ', किंतु श्रीराम उत्तर देते हैं कि वे केवल भक्ति का संबंध मानते हैं– 'जाति-पांति कुल धर्म बड़ाई... '। इस प्रकार वे स्पष्ट करते हैं कि मनुष्य का मूल्य उसकी जाति या सामाजिक स्थिति से नहीं, बल्कि उसके भाव और कर्म से निर्धारित होता है। इसी प्रकार, गिद्धराज जटायु– जो सामान्य दृष्टि में तुच्छ पक्षी है– सीता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर करते है। तब श्रीराम उन्हें पितातुल्य सम्मान देते हुए उनका अंतिम संस्कार करते हैं। यह दर्शाता है कि उनके लिए कर्म ही सर्वोपरि है। रावण, जो पुलस्त्य कुल में जन्मा विद्वान ब्राह्मण, महान शिवभक्त और स्वर्ण लंका का सम्राट था– अपने दुराचरण के कारण अधर्म का प्रतीक बन गया। परिणामस्वरूप, हनुमानजी द्वारा लंका-दहन और श्रीराम द्वारा उसका वध यह संदेश देता है कि सामाजिक और आध्यात्मिक मूल्यों की रक्षा हेतु किसी भी व्यक्ति को उसके पद, वंश या सामर्थ्य से नहीं, बल्कि उसके आचरण के आधार पर आंका जाना चाहिए। बाली-वध के पश्चात श्रीराम सुग्रीव को किष्किन्धा का राज्य सौंपते हैं और अंगद को उत्तराधिकारी घोषित करते हैं। इसी प्रकार, लंका विजय के बाद वे विभीषण का राजतिलक कराते हैं और उनसे परिवार की स्त्रियों को सांत्वना देने का आग्रह करते हैं। यह दर्शाता है कि वे केवल विजेता नहीं, बल्कि न्यायप्रिय और करुणाशील शासक भी थे, जिन्हें राज्य और संपत्ति का लोभ नहीं था। शत्रु के प्रति भी मर्यादित व्यवहार का आदर्श श्रीराम प्रस्तुत करते हैं। जब विभीषण रावण के अंतिम संस्कार को लेकर संकोच करते हैं, तब श्रीराम कहते हैं– 'मरणान्तानि वैराणि... '– अर्थात् शत्रुता केवल जीवनकाल तक सीमित होती है, मृत्यु के पश्चात उसका अंत हो जाना चाहिए। यह विचार आधुनिक 'हेग कन्वेंशन' (1899, 1907 और 1954) जैसे अंतरराष्ट्रीय मानकों से भी कहीं अधिक प्राचीन है। दुर्भाग्यवश, भारतीय वाङ्मय की व्याख्या मार्क्स-मैकॉले मानसपुत्रों ने अपने पूर्वाग्रहों और भारत-विरोधी एजेंडे के अनुरूप किया। उनका उद्देश्य सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि असंतोष को सतत हवा देना रहा है। रामायण और महाभारत रूपी ऐतिहासिक ग्रंथों को भी इसी दृष्टि से तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया। जबकि सत्य यह है कि श्रीराम का अवतरण किसी दलित की हत्या करने हेतु नहीं हुआ, बल्कि रावण रूपी अन्याय, अहंकार और अधर्म के उन्मूलन के लिए था। श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व सर्वांगीण है। वे सफल राजनीतिज्ञ, कुशल कूटनीतिज्ञ, गहन विचारक और दार्शनिक के रूप में सदैव प्रतिष्ठित रहेंगे। इस बहुआयामी स्वरूप के पीछे उनकी दिव्य चेतना और शक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्रीराम का संपूर्ण जीवन मानवीय मर्यादाओं से संचालित है। वे हर परिस्थिति का सामना एक सामान्य मनुष्य की तरह करते हैं और उसी सीमाओं के भीतर उसका समाधान भी ढूंढते हैं। यही कारण है कि श्रीराम का जीवन मानव के लिए अधिक सहज, व्यावहारिक और अनुकरणीय हैं।

**(स्तंभकार 'ट्रिस्ट विद अयोध्या : डिकॉलोनाइजेशन ऑफ इंडिया' और 'नैरेटिव का मायाजाल' पुस्तक के लेखक है)**

राजनीति

# वैश्विक संकट और कांग्रेस की सस्ती राजनीति



पंकज झा

देशद्रोह केवल वही नहीं होता जहां सीधे तौर पर देश से गद्दारी की जाए, देशद्रोह वह भी होता है जहां कोई राजनीतिक दल अपने देश की विदेश नीति के विरुद्ध ही गाल बजाना शुरू कर दे, विदेशों में जा-जाकर अपनी ही चुनी हुई सरकार के विरुद्ध प्रोपगंडा करे, अपनी ही सरकार को निराधार ही सरेंडर, कम्प्रोमाइज्ड आदि बताए। ऐसा ही देशद्रोह लगातार कांग्रेस सांसद और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी कर रहे हैं। कांग्रेस के अन्य नेता भी उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए स्वयं को प्रासंगिक बनाए रखने में देश की सुरक्षा और शान्ति को दांव पर लगाने से नहीं चूकते। कठिन वैश्विक परिस्थिति, भीषण युद्ध की स्थिति में भी जो देश के पक्ष में खड़ा नहीं रहे, जो जनता को भड़काने के हर जतन में लगे रहे, जो लगातार झूठ और फरेब परोसता रहे विशेषकर ऐसे समय में, उसे न केवल देशद्रोही अपितु लोकद्रोही भी कहना चाहिए। कांग्रेस रसोई गैस और पेट्रोलियम आदि के मामले में यही करती नजर आ रही है।

कांग्रेस की हर संभव कोशिश यही है कि किसी न किसी तरह जनता में अनरेस्ट फैले। उसके बाद ये अराजकता फैलाएं और फिर अपनी रोटी सेंक सकें। बाहरी कोशिश के बतौर तो लगातार वे कर ही रहे हैं, देश के भीतर भी भय फैलाना अब कांग्रेस ने अपनी अघोषित नीति के तहत शुरू कर दिया है।

कांग्रेस महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लगातार गैस संकट का दुष्प्रचार करने, किंतु विफल रहने के बाद सोशल मीडिया पर जनमत संग्रह कराना शुरू किया। मानो वे कांग्रेस के जमाने के पीएम हों और गैस संकट तब का जम्मू-कश्मीर। उन्हें लगा कि अपने लोगों द्वारा वे यह साबित करने में सफल हो जाएंगे कि देश में त्राहिमाम मचा है। पर हजारों लोगों ने स्वतः स्फूर्त ढंग से उनके पोस्ट पर उन्हें बताया कि आपूर्ति सुचारू है और सबको समय से मिल जा रहा है।

जाहिर है, कांग्रेस की ऐसी हर हरकत उसके वोट बैंक में एक-दो प्रतिशत की सेंध तो लगा ही देता है। ऐसा कुछ भी करने से इनका उल्लू सीधा नहीं हो पा रहा है, यह तय है। फिर भी इनकी ऐसी हरकत जारी है। विदेशी परिस्थितियों को भी साम्प्रदायिक रंग देते रहने की कोशिश समेत ऐसे तमाम कृत्यों से कांग्रेस देश को कमजोर करने या दिखाने की कोशिश लगातर कर रही है। इसमें बुरी तरह विफल होते रहने के बावजूद उसके अस्तित्व के लिए शायद यही एकमात्र विकल्प है कि वह झूठ फैलाते रहे। कांग्रेस के पूरे प्रोपगंडा का हेतु यही है कि वह आपूर्ति में कमी का रोना रोये ताकि लोग डर कर अधिक से अधिक पैनिक बुकिंग करें ताकि सिस्टम फेल हो सके। जाहिर है अत्यधिक आसामान्य मांग पैदा होने पर संकट खड़ा होता ही है, कांग्रेस इसी कोशिश में लगी है जिसका शिकार वास्तविक जरूरतमंद हो सकते हैं, दुखद यह है कि कांग्रेस को कभी उसकी परवाह रही भी नहीं है।

आज जहां तमाम वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश में स्थिति सामान्य है, वहीं याद कीजिए खाड़ी युद्ध का दौर। भारत में तब कांग्रेस की सरकार थी और आपूर्ति श्रृंखला लगभग चौपट हो गई थी। अभी से लगभग चौथाई से कम तब पेट्रो पदार्थों की मांग थी (1990 में लगभग 58 मिलियन टन - 2025 में लगभग 250 मिलियन टन), क्योंकि न तो इतने अधिक रसोई गैस कनेक्शन थे, न ही इतनी सारी गाड़ियां ही थी। फिर भी देशभर में हा-हाकार मचा हुआ था। कई-कई किलोमीटर लम्बी कतार लग रही थी तब पेट्रो पदार्थों के लिए। तब अपेक्षाकृत अल्प चुनौतियों के बावजूद अपने कुप्रबंधन और भ्रष्ट व्यवस्था के कारण ऐसा लड़खड़ाई थी कांग्रेस सरकार जिसकी बुरी यादें आज तक ताजा है। नौबत यहां तक आ गई थी कि अपमानजनक ढंग से कांग्रेस (और उसकी समर्थित) सरकार को भारत का 67 टन सोना बकायदा फिजिकल रूप में देश के बाहर गिरवी रखने भेजना पड़ा था। और वह फिजिकल सोना कांग्रेस ला नहीं पाई फिर देश वापस। फिर भी तब का विपक्ष संयत रहा था और देश की विदेश नीति के साथ खड़ा रहा, भले घरेलू मामलों में कांग्रेस की नाक में दम किए रहा था। इसके इतर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश में सन 2024 में ब्रिटेन से 100 टन सोना लाकर अपने स्वर्ण भण्डार को मजबूत किया। आज जिस तरह सोने के भाव आसमान पर हैं, ऐसे में आप ऐतिहासिक सौ टन सोना के आने के निर्णय की कल्पना कीजिये। कोई भी गर्व करना चाहेगा अपनी सरकार पर।





कांग्रेस का ऐसा ही गैर जिम्मेदाराना रवैया कोरोना जैसी मानव सभ्यता के ज्ञात इतिहास की सबसे बड़ी महामारी के समय भी देखने को मिला था। उस अकल्पनीय संकट के समय भी भारत में आपूर्ति श्रृंखला न केवल चमत्कारिक रूप से सुचारू रहा था बल्कि मोदीजी की सरकार ने अपने अनाज का गोदाम जनता के लिए खोल दिया था, जो आज तक जारी है। मोदीजी की सरकार ने उस 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को अब स्थायी ही कर दिया है और आज देश के 81.35 करोड़ लोग निःशुल्क पेटभर अनाज अपनी सरकार से अपने ही घर में पा रहे हैं। तब अनाज की आपूर्ति कुछ समय बढ़ा देने का पत्र लिखकर प्रोपगंडा करने वाली वही कांग्रेस अब यह कह रही है कि देखिये, कितनी गरीबी है, देश में कि सरकार को अनाज बांटना पड़ रहा है। जबकि सच यह है कि भारत की कांग्रेस सरकार के जमाने जैसा न तो आज अमेरिका से 'पीएल 480' गेहूं आयात करना पड़ रहा है, न ही यह नौबत आ रही है कि तब के जैसा आज प्रधानमंत्री को यह कहना पड़े कि हफ्ते में देश की जनता को एक दिन व्रत रखना चाहिए। तब भी देश का विपक्ष अपनी सरकार के साथ खड़ा था और अनाज संकट के समाधान की हर कोशिश में सहायक रहा।

ऐसे ही कोरोना संकट में टीके जैसे अत्यधिक आवश्यक जीवन रक्षक मामले में पर भी कांग्रेस ने राजनीति करते रहने को ही प्रश्रय दिया। प्रदेश की सरकार में रहते हुए भी भाजपा को बदनाम करने के लिए उसने टीके का कृत्रिम संकट तक पैदा कर दिया था। वैक्सीन में भी प्रदेश में आरक्षण लगा कर उसे जरूरतमंद लोगों को लगाने में बाधा उत्पन्न करते रहे थे, देश-निर्मित टीके को बदनाम करने में भी कोई कसर उठा नहीं रखी थी। एक तरफ टीके को लगाने से इनकार भी कर रहे थे, दूसरी तरफ मेरा टीका विदेश क्यों भेजा, ऐसा अभियान भी चला रहे थे। बाद में फिर टीका लगाने के लिए भी सरकार को इनके द्वारा कोसना जारी था। इनकी सरकार में तब टमाटर की शासकीय खरीद 550 रुपए किलो से भी अधिक की कीमत पर होने की खबरें भी आ रही थी। शराबबंदी का वादा कर सरकार में आने के बाद कोरोना जैसे संकट में शराब की होम डिलेवरी का शासकीय निर्णय लेना भी ऐसी ही दोहरी राजनीति का हिस्सा रहा था।

हालांकि तमाम ऐसे दुष्प्रचार के बावजूद जनता आज की वस्तुस्थिति समझ रही है। वह निश्चिन्त है कि जहां तक और जब तक संभव होगा भारत सरकार सतत कोशिश कर स्थिति को सामान्य बनाए रखेगी। कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट में जब आपूर्ति बाधित नहीं हुई तो अब निःसंदेह समस्या नहीं होगी अगर वैश्विक स्थिति अधिक ही विकट न हो जाए तो। कांग्रेस को चाहिए कि अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस तरह भय और अराजकता न फैलाए। इससे राजनीतिक लाभ के बदले उसकी रही-सही साख भी समाप्त हो जाएगी, यह तय मानना चाहिए।

**(लेखक स्तंभकार हैं)**

विचारबोध

# विश्वशांति का गुरुमंत्र है एकात्म मानवदर्शन



डॉ. हरिशंकर सिंह कंसाना

आज वैश्विक मंच पर जिस प्रकार से नितदिन नाटकीय घटनाक्रम हो रहे हैं और मुखिया कहे जाने वाले राष्ट्र भी बल प्रयोग करने से चूक नहीं रहे उससे लगता है कि विश्व शांति की परिकल्पना पर नए सिरे से विचार करना होगा और भारत को अपनी प्राचीन ज्ञान परंपरा और एकात्म मानव दर्शन प्रतिपादित करके भूमिका बढ़ानी होगी।

आज अमेरिका और ईरान के बीच तनाव चरम पर है। निरंतर जारी सैन्य संघर्ष में अमेरिका-इजराइल गठबंधन द्वारा ईरान के कई ठिकानों पर हमले और उसके परिणामस्वरूप पूरे मध्य पूर्व में अस्थिरता और कोलाहल का वातावरण बना हुआ है। वैश्विक तेल आपूर्ति और कई राष्ट्रों की अर्थव्यवस्था चरमराने की स्थिति दिख रही है। मानवाधिकार संगठनों के सर्वे अनुसार ईरान- इजराइल-लेबनान में 4000 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। रूस यूक्रेन में लगभग 18 लाख से अधिक सैनिक मारे गए जिसमें सबसे अधिक मारे जाने की खबर मासूम जनता की रही। द्वितीय विश्व युद्ध (1939 -45) जो मानवीय इतिहास का घातक संघर्ष था इसमें भी 7 से 8:30 करोड़ से अधिक लोग मारे गए। विश्व इतिहास में सबसे भीषण महाभारत युद्ध भी एक अरब 66 करोड़ से अधिक योद्धाओं की बलि लेता है। दोनों पक्षों की 18 अक्षौहिणी सेना में से कुछ ही योद्धा बचे थे। अंत में यही भीषण युद्धों का परिणाम होता है।

क्या मनुष्य का हृदय युद्ध की ज्वाला से निरंतर भरा रहता है? क्या युद्ध एक ऐसी अनिवार्य बुराई है जिससे मानवता को मुक्ति नहीं मिल पाएगी? अगर हम दोनों विश्व युद्ध की पृष्ठभूमि में जाएंगे तो एक बात स्पष्ट है कि अधिकतम संसाधनों पर अधिकार, बाजार पर नियंत्रण, गुटबाजी, प्रतिशोध, प्रतिस्पर्धा, वैचारिक मतभेद, राष्ट्रवादी आकांक्षाएं, सैन्य गठबंधन, भू राजनीतिक वर्चस्व और सुरक्षा की चिंताएं भी कारण बन जाती हैं। कई देशों के लोग एक दूसरे को जानते तक नहीं किंतु साम्राज्यवादियों की आपसी टकराहट द्वेष की भट्टी में सबको जला देती है। जर्मनी होलोकास्ट का स्मरण करेंगे तो नाजियों ने 60 लाख यहूदियों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में 'अंतिम समाधान' का रूप देकर खत्म किया था जिसमें 15 लाख तो केवल बच्चे ही थे। नादिर शाह का भीषण कत्लेआम इतिहास की किताबों में मिल जाएगा। यह भोगलिप्सा, स्वार्थ और क्रूरता ही है बस करने वालों की संख्या बढ़ जाती है और प्रतिकार नहीं होता तो ऐसे लोगों का मनोबल बढ़ जाता है।

विश्व शांति की स्थापना के लिए जब संयुक्त राष्ट्र की संगठनात्मक रचना की गई तो भारत भी इसी आशा के साथ सदस्य बना था कि भावी पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाकर सामाजिक-आर्थिक- वैचारिक समानता पर आधारित विश्व व्यवस्था की स्थापना की जा सकेगी। आज चिंता का विषय है कि संयुक्त राष्ट्र कार्य प्रणाली में वीटो शक्ति के दुरुपयोग, प्रभावी प्रवर्तन तंत्र के अभाव, धीमी कार्यप्रणाली, संघर्षों में शांति स्थापित करने में असमर्थता और बढ़ते भू राजनीतिक विकल्पों के कारण वैश्विक मंच के समक्ष चिंता की लकीरें बढ़ती जा रही है। आज वैश्विक अस्थिरता को एक सुगठित और समन्वयवादी चिंतन के माध्यम से ही ठीक किया जा सकता है।

एकात्म चिंतन व्यष्टि- समष्टि- सृष्टि से भी आगे ले जाकर परमेष्ठि तक की समग्र यात्रा में विश्वास रखता है। मैं- मेरा के संकीर्ण भाव से ऊपर उठकर 'वसुधैव कुटुंबकम' और 'सबै भूमि गोपाल की' के भाव को प्रधानता देता है। एकात्म मानवदर्शन अपनाकर हम परस्पर-पूरकता के तत्व को प्रधानता देते हैं। संसार में एकता का दर्शन कर उसके विभिन्न रूपों के बीच पूरकता को पहचाना उनमें परस्परानुकूलता का विकास करना और उसका संस्कार करना ही संस्कृति है। जिस मत्स्यन्याय या जीवन संघर्ष को पश्चिम के लोगों ने ढूंढ निकाला इसका ज्ञान हमारे दार्शनिकों को था। जिसकी लाठी उसकी भैंस (survival of the fittest) जंगल का विधान है। मानव की सभ्यता का विकास इस विधान को मानकर नहीं बल्कि यह विधान न चल पाए इस व्यवस्था के कारण ही सभ्यता का विकास हुआ। यदि संघर्ष है तो वह प्रकृति और संस्कृति का द्योतक नहीं विकृति का द्योतक है। संघर्ष नहीं सहयोग और मैत्री राष्ट्रीय मूल्य बनना चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी भी यह कहकर कि भारत 'युद्ध की नहीं बुद्ध की भूमि है' अपनी सोच स्पष्ट कर चुके है।

जीवन के विकास और लोगों के भरण पोषण के लिए जिन मौलिक साधनों की आवश्यकता होती है उनका उत्पादन अर्थव्यवस्था का लक्ष्य होना चाहिए। इच्छाओं को निरंतर बढ़ता और निरंतर ही उनकी पूर्ति करना मर्यादित जीवन शैली के अंतर्गत नहीं आता। बाजार के लिए माल पैदा करने के स्थान पर पैदा किए हुए के लिए बाजार, न मिले तो बाजार पैदा करना आज की अर्थनीति हो गई है। आज उपयोग उत्पादन का अनुचर है। यही सबसे बड़ी समस्या है और युद्ध व अशांति का सबसे बड़ा कारण यही है। एकात्म चिंतन प्रत्येक व्यक्ति को न्यूनतम जीवन स्तर की आश्वस्ति, रोजगार के पर्याप्त अवसर और प्रकृति के साधनों का मितव्ययिता के साथ उपयोग करने पर जोर देता है। एकात्म चिंतन में प्रजा कल्याण ही राजा का धर्म माना गया है। 'प्रजासुखे सुखं राज्ञः प्रजानां च हिते हितम्' राजा का कर्तव्य स्वार्थ में नहीं प्रजा के कल्याण में है। दुनिया के बड़े-बड़े शासकों को भी इस पर विचार करना पड़ेगा।

निष्कर्षतः संघर्ष और विनाश के दौर में भी समरसता, मानवीय गरिमा और संतुलन को अपनाकर वैमनस्यता और अनिश्चितता को समाप्त कर शांति स्थापना के प्रयास किए जा सकते हैं। इसकी पहल भारतवर्ष और भारतीय मूल्यों से उपजे एकात्ममानव दर्शन के माध्यम से ही हो सकती है।

**(लेखक सहा. प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान एवं एकात्म मानवदर्शन पर पीएचडी व स्तंभकार हैं)**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक **''गिलेडविन मसीह''** के लिए **''बुलंद मंज़िल''** हिन्दी दैनिक ए.एच. प्रिन्टर्स, सीधी सराय, असालतपुरा मुरादाबाद मे मुद्रित कराकर कार्यालय बुलंद मंज़िल शंकर कॉलेज चौराहा, राजा मार्केट, प्रथम तल, जनपद संभल से वितरित किया गया। इस अंक में प्रकाशित समाचारों में खबरों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी०आर०वी० एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद सम्भल न्यायालय के अधीन होंगे।
**PRGI NO. - UPBIL/25/A4797- Contect No.- 8630704122**

CMYK

# ना सफाई, ना छिड़काव... फिर कहां गया 4.43 लाख

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**रहरा ।** गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव भावली में सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया है, जहां कागजों में लाखों रुपये खर्च दिखाए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन महीनों में गांव में फॉगिंग, सैनिटाइजर छिड़काव और सफाई कार्य के नाम पर 4,43,904 रुपये खर्च दिखाए गए हैं, लेकिन गांव में न तो कोई सफाई अभियान चला और न ही मच्छरों से बचाव के लिए कोई प्रभावी कदम उठाया गया। इस कथित गड़बड़ी को लेकर गांव में आक्रोश फैल गया और दर्जनों ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिव पर सरकारी धन के गबन का गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। गांव निवासी राजपाल ने बताया कि लंबे समय से गांव की नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं, लेकिन उनकी सफाई के लिए कोई



Payment Orders
Select Year 2025-2026
Gp M Fauging Work
Amount : ₹ 52,500
Paid To : NANAK SO RAMRATAN
Bank Account No. : *******7341
IFSC Code : NA
Voucher No./Date : 5THSFC/2025-26/P/37 [ 14/Jan/2026 ]
Signed by Sachiv : Monu Singh [2 mons 12 days ago]
Signed by Sarpanch : Gajna Devi [2 mons 12 days ago]
Acknowledgement Received on : 2 mons 12 days ago
Payment Received on : 2 mons 12 days ago
e-Payment Order Created (2 mons 12 days ago) / Payment Proposed by (Sachiv) DSC (2 mons 12 days ago) / Signed by (Sarpanch) DSC (2 mons 12 days ago) / PFMS Process (2 mons 12 days ago) / Bank Payment (2 mons 12 days ago)

Payment Orders
Select Year 2025-2026
Gp M Fauging Work
Amount : ₹ 41,500
Paid To : NANAK SO RAMRATAN
Bank Account No. : *******7341
IFSC Code : NA
Voucher No./Date : 5THSFC/2025-26/P/29 [ 10/Dec/2025 ]
Signed by Sachiv : Monu Singh [3 mons 16 days ago]
Signed by Sarpanch : Gajna Devi [3 mons 16 days ago]
Acknowledgement Received on : 3 mons 16 days ago
Payment Received on : 3 mons 16 days ago
e-Payment Order Created (3 mons 16 days) / Payment Proposed by (Sachiv) DSC (3 mons 16 days ago) / Signed by (Sarpanch) DSC (3 mons 16 days ago) / PFMS Process (3 mons 16 days ago) / Bank Payment (3 mons 16 days ago)

Payment Orders
Select Year 2025-2026
Gp M Fauging Work
Amount : ₹ 31,825
Paid To : CHUNNI S#470 BALKISHAN
Bank Account No. : *******8696
IFSC Code : NA
Voucher No./Date : XVFC/2025-26/P/9 [ 13/Mar/2026 ]
Signed by Sachiv : Sandeep Kumar [12 days ago]
Signed by Sarpanch : Gajna Devi [12 days ago]
Acknowledgement Received on : 12 days ago
Payment Received on : 12 days ago
e-Payment Order Created (12 days ago) / Payment Proposed by (Sachiv) DSC (12 days ago) / Signed by (Sarpanch) DSC (12 days ago) / PFMS Process (12 days ago) / Bank Payment (11 days ago)

Payment Orders
Select Year 2025-2026
Gp M Fauging Work
Amount : ₹ 33,375
Paid To : CHUNNI S#470 BALKISHAN
Bank Account No. : *******8696
IFSC Code : NA
Voucher No./Date : 5THSFC/2025-26/P/47 [ 13/Mar/2026 ]
Signed by Sachiv : Sandeep Kumar [12 days ago]
Signed by Sarpanch : Gajna Devi [12 days ago]
Acknowledgement Received on : 12 days ago
Payment Received on : 12 days ago
e-Payment Order Created (12 days ago) / Payment Proposed by (Sachiv) DSC (12 days ago) / Signed by (Sarpanch) DSC (12 days ago) / PFMS Process (12 days ago) / Bank Payment (11 days ago)

गांव में बिना फागिंग व सैनिटाइजर के कराएं ही निकाली धनराशि ग्रामीणों में रोष किया प्रदर्शन

पहल नहीं की गई। उन्होंने कहा कि गांव में न तो सैनिटाइजर का छिड़काव हुआ है और न ही फॉगिंग कराई गई है, जबकि कागजों में इन कार्यों पर लाखों रुपये खर्च दिखाए जा रहे हैं। प्रेम सिंह का कहना है कि पूरी पंचवर्षीय योजना के दौरान भी गांव में कभी सैनिटाइजर या फॉगिंग का कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान और सचिव ने केवल कागजी कार्रवाई पूरी कर सरकारी धन का बंदरबांट किया है। प्रेम सिंह ने बताया कि गांव की सफाई भी कई बार ग्रामीणों को अपने निजी खर्च पर करानी पड़ी है। विजेंद्र सिंह ने गांव में बढ़ती मच्छरों की समस्या पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलभराव के कारण गांव में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। हरिसिंह ने भी आरोप लगाया कि गांव में अब तक न तो कोई नियमित सफाई व्यवस्था है और न ही फॉगिंग या सैनिटाइजर का कोई कार्य कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान और सचिव ने फर्जी तरीके से कार्य दिखाकर सरकारी धन का गबन किया है, जिसकी जांच होनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए हैं, नालियां जाम हैं और मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इससे गांव के लोग लगातार बीमार हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि गांव में तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान चलाया जाए, नियमित रूप से फॉगिंग और सैनिटाइजर छिड़काव कराया जाए तथा इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

प्रदर्शन में राजपाल, विजेंद्र, चंपा देवी, अशर्फी देवी, लालकोर देवी, राजो देवी, दुधनिया देवी, शीला देवी, त्रिवेणी देवी, राजवती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगे। इस मामले ने स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर आरोप पर क्या कार्रवाई करता है और ग्रामीणों को राहत दिलाने के लिए कौन से कदम उठाए जाते हैं। इस बारे में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र का कहना है मामले की जांच कराई जाएगी और जो दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# अंबेडकर जयंती की तैयारियां तेज : संविधान झांकी बनेगी मुख्य आकर्षण




**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**हसनपुर।** आगामी अंबेडकर जयंती समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में गुरुवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक टीचर्स कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह ने की, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए रामवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष निकलने वाली शोभायात्रा में भारतीय संविधान की झांकी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके साथ ही बाहरी कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जिनमें बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष, विचारों और उपलब्धियों को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार पहले से अधिक भव्य और प्रेरणादायक होगा, जिसमें समाज की प्रतिभाओं को भी मंच पर सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी जयपाल सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बाबा साहब के विचारों और उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि इस बार महिलाओं की भागीदारी भी बड़ी संख्या में सुनिश्चित की जाएगी। समिति अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा कि इस वर्ष का आयोजन सर्व समाज को साथ लेकर किया जा रहा है, जिसमें सभी को समान सम्मान और भागीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व अध्यक्षों और समाज के सहयोग से यह आयोजन ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाएगा। बैठक में लता सागर, विनोद कुमार गौतम, महिपाल सिंह, रामनारायण, जगवीर सिंह मौर्य, विजय कुमार गौतम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामनवमी पर हसनपुर में भव्य शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा नगर

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**हसनपुर।** नगर में गुरुवार को रामनवमी के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा नगर के प्रसिद्ध श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगरपालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान अतिथियों ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना की। जैसे ही शोभायात्रा शुरू हुई, ह्यजय श्रीरामह्व के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। इसमें भगवान सीताराम, पवनपुत्र हनुमान तथा बाबा खाटू श्याम की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने राहगीरों और श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्तजन हाथों में धर्म ध्वजा लिए और डीजे पर बज रहे भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। नगर के विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। कोतवाल राजेश कुमार तिवारी भारी पुलिस बल के साथ यात्रा के दौरान मुस्तैद रहे, जिससे पूरे कार्यक्रम में शांति और व्यवस्था बनी रही। इस धार्मिक आयोजन में अंकुर अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विपिन हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, राहुल दक्ष, निशांत चौहान, राहुल हिंदुस्तानी, वरुण अग्रवाल, आकाश हिंदुस्तानी, अभिषेक ठाकुर, शौर्य रस्तोगी, हनी अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे। शोभायात्रा ने पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना।




# जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रहरा, आस्था की लहर में डूबा जनसैलाब

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**रहरा।** राम नवमी के पावन अवसर पर बृहस्पतिवार शाम 5:30 बजे रहरा क्षेत्र में श्रद्धा, ऊर्जा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब जाहरवीर बाबा मंदिर से भव्य शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जनआस्था और सामाजिक एकजुटता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्रीराम की भव्य और आकर्षक झांकी रही, जिसे देखने के लिए मार्ग के दोनों ओर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। रंग-बिरंगे फूलों से सजी झांकियां, गूंजते ढोल-नगाड़े और ह्लजय श्रीरामह्व के उद्घोष ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा गांव राममय हो गया हो। यात्रा में शामिल युवाओं और कार्यकताओं ने पूरे जोश और अनुशासन के साथ आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रमुख रूप से जिला मंत्री विपिन , जिला संयोजक अभिषेक , गौ रक्षा प्रमुख मधुर, प्रखंड सह संयोजक अमित , प्रखंड संयोजक अरुण के साथ पुष्प, सतवीर , दिनेश , अनिल , रोहित नाथ, नितिन, विक्की, ऋषव, करन, रोबिन, विशाल वाल्मीकि और विकास सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। रास्ते में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। सुरक्षा व्यवस्था के भी कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे पूरी यात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। यह शोभा यात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में भाईचारे, संस्कृति और परंपरा के संरक्षण का संदेश भी देती नजर आई। रेहरा क्षेत्र में इस आयोजन की भव्यता और सफलता की चर्चा देर रात तक होती रही।




# मामूली कहासुनी के बाद मारपीट, 15-20 लोगों ने किया हमला, मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**अमरोहा ब्यूरो।** थाना अमरोहा नगर क्षेत्र में मामूली कहासुनी के बाद मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित रिफाकत पुत्र नजाकत निवासी मोहल्ला नल नई बस्ती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 मार्च 2026 की रात करीब 9:30 बजे वह अपने भाई अनस के साथ बिजनौर रोड स्थित अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। जब दोनों जाफरी होटल के पास पहुंचे, तभी सामने से बाइक सवार तीन युवक आ गए और लापरवाही से बाइक उनकी टांगों में लगा दी। विरोध करने पर आरोप है कि तीनों युवक–चांदी, अनस और नावेद–आगबबूला हो गए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान पास में चल रहे शादी समारोह से उन्होंने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। देखते ही देखते करीब 15-20 अज्ञात लोग लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए और दोनों भाइयों पर हमला कर दिया।

हमले में रिफाकत और उसका भाई अनस घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह दोनों को बचाया। आरोप है कि जाते समय हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना अमरोहा नगर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी नामजद व अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी हकीकत पर एसपी की नजर, पुलिस लाइन में हर कमी पर सख्त निर्देश

**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**असलम सैफी जिला प्रभारी**
**अमरोहा।** जनपद में नवनिर्मित पुलिस लाइन को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निमार्णाधीन पुलिस लाइन का विस्तृत निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने न केवल निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखीं, बल्कि भविष्य में पुलिसकर्मियों को मिलने वाली सुविधाओं का भी गंभीरता से आंकलन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने बैरक, आवासीय परिसर, भोजनालय, शौचालय, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था समेत सभी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप और तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। खासतौर पर साफ-सफाई, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था को लेकर उन्होंने कोई ढिलाई न बरतने की बात कही। एसपी ने परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी स्थापना, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और आपातकालीन व्यवस्थाओं को मजबूत रखने के निर्देश दिए। उनका कहना था कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए सुरक्षित और तकनीकी रूप से सुसज्जित परिसर बेहद जरूरी है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के रहने की सुविधाओं पर खास ध्यान दिया। बैरकों और आवासीय व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलना चाहिए, जिससे उनका मनोबल ऊंचा बना रहे और वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता से कर सकें। इसके अलावा उन्होंने हरित वातावरण बनाए रखने, नियमित निरीक्षण और अनुशासन बनाए रखने के भी निर्देश दिए। एसपी ने स्पष्ट किया कि एक व्यवस्थित पुलिस लाइन न केवल पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता बढ़ाती है, बल्कि पूरे जनपद की कानून व्यवस्था को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाती है। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।




# दिनदहाड़े घर में घुसकर हमला, महिला को दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**अमरोहा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बटवाल में एक घरेलू विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई और लोगों में आक्रोश देखा गया। पीड़िता शमायला खान ने थाना अमरोहा नगर में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि 24 मार्च 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे पड़ोस में रहने वाले अशर हयात, अजहर हयात (पुत्रगण अनवर हयात), सदफ (पत्नी आसिम) और रुबी (पत्नी अखमल) जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि सभी ने पहले गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। मारपीट में पीड़िता को चोटें आई हैं, जिसके बाद उसने पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव का माहौल है और स्थानीय लोग आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



# अमरोहा पुलिस की मजबूत पैरवी से दुष्कर्म के आरोपी को हुई 10 बर्ष की सजा

**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**सर्वेश यादव**
**अमरोहा।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बार फिर पुलिस की प्रभावी पैरवी रंग लाई है। मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने आरोपी को कड़ी सजा सुनाते हुए 10 वर्ष के कारावास और 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। यह मामला थाना अमरोहा देहात में दर्ज मु0अ0सं0 186/2021 से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 366, 376, 313 और 506 के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान अमरोहा पुलिस द्वारा साक्ष्यों और गवाहों को मजबूती से प्रस्तुत किया गया, जिसके परिणामस्वरूप न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया। दोषी ठहराया गया अभियुक्त मुन्नू पुत्र हरस्वरूप, निवासी ग्राम सहदौली थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद है। न्यायालय के फैसले के अनुसार आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 20,000 रुपये का अर्थदंड भुगतना होगा। इस सफलता को पुलिस विभाग मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मान रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की सख्त सजा से समाज में अपराधियों के बीच भय का माहौल बनेगा और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगेगा। अमरोहा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और हर मामले में प्रभावी कार्रवाई कर न्याय दिलाना प्राथमिकता रहेगी।




CMYK

# टोनिया माफी में न्याय का दरबार : जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को मिला हक का पाठ






**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मंडी धनौरा ब्यूरो।** तहसील के क्षेत्र के गांव टोनिया माफी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता शिविर ग्रामीणों के लिए किसी ह्लन्याय के दरबारह्व से कम नहीं रहा। जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर ने न सिर्फ लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया, बल्कि उनकी समस्याओं के समाधान की राह भी दिखाई। कार्यक्रम का संचालन प्राधिकरण के सचिव/न्यायाधीश अभिषेक कुमार व्यास के निर्देशन में किया गया। उनका संदेश पैरालीगल वॉलंटियर्स (पीएलवी) के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचा, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं, बल्कि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने अधिकारों को जानें और किसी भी समस्या में निःशुल्क विधिक सहायता का लाभ उठाएं। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार धनौरा मुंशी राम ने ग्रामीणों को राजस्व प्रक्रियाओं, सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकता है। उन्होंने ऐसे शिविरों को ह्लगांव-गांव न्याय पहुंचाने की मजबूत कड़ीह्व बताया। शिविर की खास बात इसकी संवादात्मक शैली रही। पैरालीगल वॉलंटियर्स–लोकमान, शशि देवी, पूनम रानी, जितेंद्र सिंह, महिलाल सिंह और कुलदीप सिंह–ने सरल भाषा में कानून की जटिल बातों को बेहद सहज तरीके से समझाया। उन्होंने महिला एवं बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से बचाव, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, श्रमिक कानून और निःशुल्क विधिक सहायता की प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों ने भी खुलकर अपनी समस्याएं सामने रखीं। भूमि विवाद, पारिवारिक कलह और सामाजिक मुद्दों पर लोगों ने सवाल किए, जिनका मौके पर ही कानूनी समाधान बताया गया। कई मामलों में संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने और प्राधिकरण की सहायता लेने की सलाह दी गई। शिविर में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जो इस बात का संकेत है कि अब गांव की महिलाएं भी अपने अधिकारों को लेकर जागरूक हो रही हैं। ग्राम के गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और प्रभावशाली बना दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, लेकिन ग्रामीणों के मन में जागरूकता की जो लौ जली, वह लंबे समय तक कायम रहने की उम्मीद है। यह शिविर न केवल कानून की जानकारी देने का माध्यम बना, बल्कि न्याय के प्रति विश्वास को भी मजबूत करने में सफल रहा।

# चलती कार रोककर युवक व पिता से मारपीट, तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में एक युवक और उसके पिता के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम ढयौटी थाना बछरायूं निवासी साजिद पुत्र याकूब 21 मार्च की शाम करीब 7:30 बजे अपनी स्विफ्ट कार से अपने पिता के साथ गजरौला से चकनवाला की ओर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वह टोकरा पट्टी के पास पहुंचा, पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आए और कार के आगे बाइक लगाकर उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसे और उसके पिता को जबरन कार से बाहर खींच लिया और लाठी-डंडों से मारपीट की। इतना ही नहीं, आरोपियों ने कार के शीशे और खिड़कियों को भी तोड़ दिया, जिससे वाहन को काफी नुकसान हुआ। विरोध करने पर आरोपियों ने दोनों को जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। बाद में स्थानीय लोगों से जानकारी करने पर आरोपियों की पहचान नसरुद्दीन, सहैल और गुलजार निवासी थाना गजरौला क्षेत्र के रूप में हुई। थाना गजरौला पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।

# क्लिक की गलती, लेकिन राहत मिली जल्दी–10 घंटे में खाते में लौटी रकम



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र से साइबर सतर्कता और पुलिस की तत्परता का एक सराहनीय मामला सामने आया है। नगर के शास्त्री वाली गली, रेलवे स्टेशन के निकट रहने वाली रीतू चौहान ने मोबाइल के माध्यम से सूचना दी कि उनसे अनजाने में 8000 रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए हैं। घटना के बाद पीड़िता घबराई हुई थी, लेकिन गजरौला पुलिस और साइबर सेल ने बिना देर किए कार्रवाई शुरू कर दी। साइबर सेफ पोर्टल की मदद से संदिग्ध खाते की जानकारी जुटाई गई, जो बिजनौर जनपद के हल्दौर निवासी गौरव के नाम पर पाया गया। इसके बाद साइबर सेल गजरौला ने तेजी दिखाते हुए संबंधित पक्ष से संपर्क साधा और महज 10 घंटे के भीतर पूरी धनराशि वापस पीड़िता के खाते में ट्रांसफर करा दी। अपनी रकम सुरक्षित वापस मिलने पर रीतू चौहान ने राहत की सांस ली और अमरोहा पुलिस, विशेषकर गजरौला थाना व साइबर टीम का आभार व्यक्त किया। यह घटना न सिर्फ पुलिस की सक्रियता को दशार्ती है, बल्कि साइबर अपराधों से निपटने में तकनीकी दक्षता का भी प्रमाण है।

गजरौला पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने बैंक खाते, ओटीपी, पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। साथ ही किसी भी अंजान लिंक, लुभावने ऑफर या ऑनलाइन जॉब के झांसे में आने से बचें। जागरूकता ही साइबर ठगी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

# टूटते रिश्तों में फिर जगी उम्मीद : ऑपरेशन किरण ने बचाए तीन परिवार






**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**जितेंद्र यादव**
**अमरोहा।** जहां एक ओर पारिवारिक विवाद अक्सर रिश्तों में दरार डाल देते हैं, वहीं अमरोहा पुलिस का ह्यऑपरेशन किरण अभियान टूटते परिवारों के लिए नई रोशनी बनकर सामने आ रहा है। बृहस्पतिवार को चलाए गए इस अभियान के तहत महिला थाना अमरोहा और थाना सैदनगली पुलिस ने सराहनीय पहल करते हुए तीन परिवारों को बिखरने से बचा लिया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई में महिला थाना अमरोहा में आए दो और थाना सैदनगली में आए एक पारिवारिक विवाद को काउंसलिंग के जरिए सुलझाया गया। काउंसलिंग के दौरान पुलिस ने दोनों पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना और आपसी संवाद के जरिए गलतफहमियों को दूर कराया। परिणामस्वरूप तीनों ही मामलों में पति-पत्नी के बीच सुलह-समझौता हो गया और परिवार फिर से एकजुट हो गए। पुलिस ने सभी जोड़ों को आपसी प्रेम और विश्वास के साथ नया जीवन शुरू करने के लिए उनके घर रवाना किया।

अमरोहा पुलिस की इस पहल को समाज में सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जहां कानून के साथ-साथ रिश्तों को जोड़ने की संवेदनशीलता भी नजर आई। ह्यऑपरेशन किरणह्ल न सिर्फ विवादों का समाधान कर रहा है, बल्कि टूटते परिवारों में नई उम्मीद की किरण भी जगा रहा है।

# नियमों से खिलवाड़ पड़ा भारी, अमरोहा में पुलिस की कड़ी कार्रवाई जारी





**दैनिक बुलंद मंज़िल/**
**असलम सैफी जिला प्रभारी**
**अमरोहा।** गुरुवार को यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस और नगर पालिका ने संयुक्त रूप से सख्त रुख अपनाया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान शहर के टीपी नगर, बटवाल तिराहा, नल तिराहा, अतरासी तिराहा, अटल चौक और गजरौला चौपला जैसे व्यस्त इलाकों में व्यापक चेकिंग और अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 215 चालान किए गए। खासतौर पर तेज आवाज वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, अवैध हूटर-सायरन, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट और नशे में वाहन चलाने वालों को निशाने पर लिया गया। इतना ही नहीं, वाहनों पर जातिसूचक शब्द लिखने वालों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए गए। नगर पालिका टीम के साथ मिलकर सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों पर भी बुलडोजर चला। जेसीबी मशीन की मदद से कई अवैध खोखे और ठेले हटाकर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान 40 अवैध फ्लेक्सी बोर्ड जब्त कर नगर पालिका में जमा कराए गए। नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई करते हुए 45 वाहनों के चालान किए गए। अभियान के दौरान स्थानीय व्यापारियों ने भी सहयोग दिया, जिससे व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली। इस सख्त अभियान के बाद शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने को मिला। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, ताकि सुरक्षित और सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सके।

# डबल मुनाफा का झांसा पड़ा भारी, पुलिसकर्मी से 14 लाख की साइबर ठगी




**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**सर्वेश यादव अमरोहा।** जनपद में साइबर अपराधियों ने इस बार पुलिस विभाग के ही एक कर्मी को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दे दिया। पुलिस लाइन में तैनात कर्मी कपिल देव ह्यजल्दी अमीर बनने के लालच में ऐसा फंसे कि ठगों ने उनके खातों से करीब 14.76 लाख रुपये साफ कर दिए। पीड़ित के अनुसार, अज्ञात ठगों ने फोन कॉल के जरिए संपर्क साधा और निवेश पर 2 से 3 गुना मुनाफा दिलाने का दावा किया। शुरू में भरोसा जीतने के लिए मीठी-मीठी बातें की गईं, जिसके बाद कपिल देव ने अलग-अलग खातों में पैसे ट्रांसफर कर दिए।

**एक महीने में खाली हुए खाते**

17 फरवरी से 17 मार्च 2026 के बीच ठगों ने योजनाबद्ध तरीके से पीड़ित के दो बैंक खातों से 14,76,914 रुपये तीन अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करा लिए। जब पीड़ित को शक हुआ और उसने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने साफ इनकार कर दिया और उल्टा धमकी देने लगे।

**1930 हेल्पलाइन पर दी शिकायत**

ठगी का एहसास होते ही पीड़ित ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई और राष्ट्रीय साइबर पोर्टल पर भी रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की अपील

पुलिस अधिकारियों ने लोगों को आगाह करते हुए कहा है कि–

तेजी से मुनाफा दिलाने वाले ऑफर अक्सर ठगी का जाल होते हैं।

अनजान कॉल, लिंक या निवेश योजनाओं से दूर रहें। संदिग्ध गतिविधि होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें।

# नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, युवक पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र से एक नाबालिग छात्रा के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के झूलाधार जनपद पिथौरागढ़ जब वर्तमान में थाना गजरौला के एक मोहल्ले में किराये पर रह रही हैं। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 18 मार्च को अपने पति की वर्षी में शामिल होने के लिए उत्तराखंड गई थीं। इस दौरान उनकी नाबालिग बेटी जो कक्षा 11 की छात्रा है, परीक्षा होने के कारण गजरौला में ही रुक गई थी। पीड़िता के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी को पास में रहने वाली एक महिला के पास छोड़ दिया था। लेकिन जब वह वापस लौटीं तो उनकी बेटी घर पर नहीं मिली। परिजनों और आसपास के लोगों से काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़िता की मां ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी को प्रियांशु नामक युवक निवासी सुल्ताननगर, थाना गजरौला बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है, थाना गजरौला पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और छात्रा की सकुशल बरामदगी के लिए टीम गठित कर तलाश अभियान चलाया जा रहा है।

# लाठी-डंडों से हमला, बहू और सास घायल–चार के खिलाफ केस दर्ज




**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**डिडौली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर माफी में आपसी रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक महिला और उसकी सास पर कथित तौर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। इस घटना के बाद गांव में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

पीड़िता पुष्पा पत्नी रिंकल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही इन्द्रपाल, उसका पुत्र दीपांशु, पुत्री माही और गौतम पत्नी सरोज ने मिलकर उस पर और उसकी सास पर हमला बोल दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए दोनों को बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। बताया जा रहा है कि अचानक हुए इस हमले में दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़े, लेकिन तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुके थे। घटना के बाद पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर थाना डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# रजबपुर पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, न्यायालय भेजा



**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**रजबपुर ।** थाना पुलिस को अपराध नियंत्रण में एक और सफलता हाथ लगी है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं उच्च अधिकारियों के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रजबपुर पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त सुमित कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त सुमित कुमार पुत्र जितेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम मछराई थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा है। अभियुक्त के विरुद्ध थाना रजबपुर में दर्ज मु0अ0सं0 47 /2026 के तहत धारा 115(2), 352, 351 (2), 69, 127(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला पंजीकृत था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा लगातार की जा रही तलाश और दबिश के चलते आखिरकार अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को न्यायालय अमरोहा के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्यवाही की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जनाजे में उमड़ी भीड़, हर जुबां पर दुआ— रियाजुद्दीन सैफी को आखिरी सलाम

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**दढियाल ब्यूरो।** गंगेश्वरी विकासखंड क्षेत्र के गांव चचोरा से एक दुखद खबर सामने आई है। गांव के ग्राम प्रधान शमसुद्दीन सैफी के वालिद रियाजुद्दीन सैफी का लंबी बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर जैसे ही क्षेत्र में फैली, पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई और माहौल गमगीन हो गया। बताया जा रहा है कि रियाजुद्दीन सैफी पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज भी जारी था। तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी तबीयत में सुधार नहीं हो सका और आखिरकार उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके इंतकाल से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रियाजुद्दीन सैफी अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक व्यवहार के लिए जाने जाते थे। गांव में


मरहूम रियाजुद्दीन सैफी का फाइल फोटो

उनकी एक सम्मानित पहचान थी और लोग उन्हें बेहद इज्जत की नजर से देखते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में शोक व्याप्त है। इंतकाल की खबर मिलते ही दूर-दराज से ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्र के सम्मानित लोग उनके आवास पर पहुंचे। सभी ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया और मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की। लोगों ने अल्लाह से दुआ की कि वह मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला से आला मुकाम अता फरमाए और परिवार को इस दुख को सहन करने की ताकत दे। जनाजे में भी बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी देखने को मिली, जहां सभी ने नम आंखों से उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन रहा और हर कोई मरहूम की नेकियों को याद करता नजर आया। रियाजुद्दीन सैफी का जाना क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। उनके जाने से जो खालीपन पैदा हुआ है, उसे भर पाना आसान नहीं।

# अब ओगपुरा की पहचान—खुफिया विभाग में पहुंची बेटी

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**ढबारसी ब्यूरो।** क्षेत्र के एक छोटे से गांव ओगपुरा से निकली एक बड़ी खबर ने पूरे इलाके को गर्व से भर दिया है। थाना आदमपुर क्षेत्र की रहने वाली पूजा कुमारी ने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट हौसले के दम पर पुलिस विभाग में ह्लपुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)ह्व के पद पर चयन हासिल कर इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि सिर्फ एक नौकरी नहीं, बल्कि उन तमाम बेटियों के सपनों को उड़ान देने वाली मिसाल बन गई है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े लक्ष्य देखती हैं। पिता तुलसीराम प्रजापति की बेटी पूजा ने साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी हों, अगर इरादे मजबूत हों तो मंजिल खुद रास्ता बना लेती है। गांव के इतिहास में पहली बार किसी बेटी का इस महत्वपूर्ण पद पर चयन हुआ है, जिससे पूरे ओगपुरा में



खुशी की लहर दौड़ गई। जैसे ही यह खबर फैली, ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर और एक-दूसरे को बधाई देकर इस पल को उत्सव में बदल दिया।

पूजा की सफलता के पीछे उनका संघर्ष साफ दिखाई देता है। सीमित साधनों के बीच पढ़ाई जारी रखना और लक्ष्य पर फोकस बनाए रखना आसान नहीं था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। यही जज्बा आज उन्हें इस मुकाम तक ले आया है। पुलिस उप निरीक्षक (गोपनीय)ह्व का पद खुफिया जानकारी जुटाने और विश्लेषण करने जैसे अहम कार्यों से जुड़ा होता है, जो जिम्मेदारी और सूझबूझ की मांग करता है। पूजा का चयन उनकी प्रतिभा और काबिलियत का प्रमाण है। आज ओगपुरा गांव की पहचान सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह सफलता एक नई सोच और नई दिशा का प्रतीक बन गई है। पूजा कुमारी ने यह साबित कर दिया है कि गांव की बेटियां अब सिर्फ सपने नहीं देखतीं, बल्कि उन्हें साकार भी करती हैं।

# तेज रफ्तार बुलेट की टक्कर से युवक घायल, आरोपी फरार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**नौगांवा सादात ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के गांव बागड़पुर इम्मा में एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें तेज रफ्तार बुलेट बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बागड़पुर इम्मा निवासी मुकेश देवी पत्नी स्वर्गीय गुड्डू सिंह ने थाना नौगांवा सादात में दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र अरुण बुधवार शाम करीब 6:30 बजे किसी निजी कार्य से अमरोहा जा रहा था। इसी दौरान अमरोहा की ओर से आ रही बुलेट बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना राजवीर सिंह नामक व्यक्ति द्वारा फोन के माध्यम से परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल




भिजवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ। लोगों ने यह भी बताया कि आरोपी बाइक चालक पास स्थित एक रिसॉर्ट में जाकर छिप गया था, हालांकि बाद में वह वहां से भी फरार हो गया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं, घटना के बाद क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# हसनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 7 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**हसनपुर।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हसनपुर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी हसनपुर के निकट पर्यवेक्षण में थाना हसनपुर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना हसनपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने विभिन्न गांवों से इन आरोपियों को दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अंकित पुत्र अमीचन्द्र निवासी ग्राम अहरौला अहमद यार खा, राजू पुत्र रामप्रसाद, शौभाराम पुत्र कलवा, विनीत पुत्र चन्दर सिंह निवासी ग्राम दयावली खालसा, मौमराज पुत्र टीकाराम, जगपाल पुत्र किशना तथा जीतू पुत्र जगपाल सिंह निवासी ग्राम मुबारकपुर कला शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों के विरुद्ध



धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। गिरफ्तारी के बाद सभी अभियुक्तों को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय उपजिलाधिकारी हसनपुर के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार जारी रहेंगे। साथ ही आमजन से अपील की गई है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# आर्म्स एक्ट का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**नौगांवा सादात ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नौगांवा सादात पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चल रही कार्रवाई के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात अवधभान भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में यह गिरफ्तारी की गई। प्रभारी निरीक्षक थाना नौगांवा सादात के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने वांछित वारंटी अभियुक्त मुरारी पुत्र वेगराम निवासी ग्राम रतनपुर खुर्द को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 1840/25, अपराध संख्या 1221/07 के तहत धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा



लगातार दबिश और सूचना संकलन के बाद अभियुक्त को पकड़ने में सफलता मिली। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय ए.सी.जे.एम. प्रथम, अमरोहा के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

# मंडी धनौरा पुलिस का एक्शन मोड : 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**मंडी धनौरा ।** जनपद में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी धनौरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देश पर चल रहे विशेष अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मंडी धनौरा अंजली कटारिया के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान तीन वांछित अभियुक्तों को




गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में तेजपाल , ताराचन्द व नरेन्द्र निवासी ग्राम फौलादपुर, थाना मंडी धनौरा, जनपद अमरोहा शामिल हैं। पुलिस के अनुसार तीनों अभियुक्त मु0अ0सं0 093/2026 में दर्ज मुकदमे से संबंधित थे, जिन पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं 109(1), 115(2), 118(1), 352 व 351(3) के तहत आरोप हैं। काफी समय से इनकी तलाश की जा रही थी और गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही थी। पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए तीनों को हिरासत में लिया। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद अभियुक्तों को न्यायालय, अमरोहा के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक प्रक्रिया जारी है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पत्नी व साले से परेशान युवक ने लगाई फांसी, मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**गजरौला ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद में पारिवारिक कलह से तंग आकर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी और साले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोहम्मदाबाद निवासी रमेश पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके बेटे मोहन की शादी करीब 13 वर्ष पूर्व मालवती निवासी ग्राम थाना रहरा के साथ हुई थी। आरोप है




कि शादी के बाद से ही मालवती छोटी-छोटी बातों को लेकर मोहन से विवाद करती थी और अक्सर अपने भाई राजू को बुला लेती थी, जो आकर उसके बेटे के साथ मारपीट करता था। तहरीर में बताया गया कि 16 मार्च 2026 की दोपहर और रात में भी मोहन के साथ उसकी पत्नी व साले ने मारपीट और गाली-गलौज की। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। आरोप है कि दोनों उसे मर जाने के लिए उकसाते थे, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान रहने लगा था। बताया गया कि 16-17 मार्च की रात मोहन ने घर के घेर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों ने उसका शव फंदे से लटका देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पत्नी मालवती और उसके भाई राजू के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# आदमपुर पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को दबोचा, न्यायालय में किया पेश



**दैनिक बुलंद मंज़िल/सतपाल सिंह**

**आदमपुर।** थाना पुलिस ने अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत की गई। पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी हसनपुर पंकज कुमार त्यागी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वांछित वारंटी रामदेव पुत्र भूल्लन निवासी ग्राम रहरई को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध वाद संख्या 1633/2012 व अपराध संख्या 609/2008 के तहत धारा 324, 323 और 504 भादवि में मामला दर्ज था। पुलिस काफी समय से आरोपी की तलाश कर रही थी। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/जेएम हसनपुर के समक्ष पेश किया गया। थाना आदमपुर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिली है और फरार चल रहे अन्य अभियुक्तों में भी भय का माहौल बना है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से आरपीएफ जवान घायल , मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**डिडौली ब्यूरो।** थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जवान अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गए । पीड़ित के ससुर की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम नसीर नगला थाना नौगांवा सादात निवासी वेदप्रकाश पुत्र राम सहाय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके दामाद अमित कुमार पुत्र स्व. रामवीर सिंह निवासी ग्राम मालीपुर, वर्तमान में आरपीएफ मुरादाबाद में कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं। 24 फरवरी की शाम करीब 6 बजे ड्यूटी समाप्त कर वह अपनी मोटरसाइकिल से मुरादाबाद-पाकबड़ा-कैलसा मार्ग होते हुए घर लौट रहे थे।




इसी दौरान पायंती कला और गंगदासपुर के बीच सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी आंख, दोनों हाथों तथा दाहिनी टांग में कई जगह फ्रैक्चर हो गया। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से घायल को एंबुलेंस द्वारा पहले जिला अस्पताल अमरोहा ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

# श्री काशी विश्वनाथ धाम में इतिहासिक रक्तदान शिविर 29 मार्च को

**वाराणसी** जय श्री कृष्णा फाउंडेशन द्वारा 29 मार्च रविवार को काशी विश्वनाथ धाम में आयोजित होने जा रहे रक्तदान शिविर के संदर्भ में संस्था संस्थापक संजीव अग्रवाल, सयोंजक नीरज पारीख, अजीत बजाज, डॉ. आशीष गुप्ता, प्रदीप मल्होत्रा ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे हम एक साथ तीन लोगों का जीवन बचा सकते हैं। साथ ही यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी होता है। जेएसके वीरांगनाओ ने भी महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की संजीव अग्रवाल ने सभी नागरिकों, युवाओं से निवेदन किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस रक्तदान शिविर में पहुँचें और रक्तदान कर मानव सेवा के इस महान कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक इस शहर में रक्तदान करने वाले सभी को स्पर्श दर्शन का पुण्य भी प्राप्त होगा। रितेश अग्रवाल मछोदरी, राकेश अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, कंचन भट्टाचार्य, डॉ शालिनी राणा, श्वेता गौरव गुप्ता, मुन्ना चौरसिया, नितेश सिंह, अभिषेक भट्टाचार्य, अनूप कुमार, धर्मेंद्र दुबे, रूबी शाह, राजेंद्र जैसवाल, अमरेश अग्रवाल, चंद्र शेखर राय, हरे कृष्ण कक्कड़ व शुभो घोष आदि उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन इंदु मल्होत्रा ने किया 6 ब्लड बैंक का सहयोग प्राप्त है संगठन केआरके के द्वारा स्वागत किया जाएगा। वाराणसी की अनेकों अग्रणी संस्थाओं का सहयोग इस नेक कार्य के लिए मिल रहा।

# मुरादाबाद पुलिस की सख्त कार्रवाई–चरस, स्मैक, तमंचा बरामद ; 5 मामलों में गिरफ्तारी, 20 लोग शांति भंग में निरुद्ध








**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 26 मार्च 2026 को व्यापक कार्रवाई की गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने मादक पदार्थ, अवैध शस्त्र और जुआ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कई अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, साथ ही शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर भी सख्ती बरती।

थाना कटघर पुलिस की बड़ी कार्रवाई थाना कटघर पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान नदीम उर्फ जॉन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1132 ग्राम चरस बरामद की। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में सुबहान नामक अभियुक्त को अवैध तमंचा (.315 बोर) और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

जुआ खेलते दो गिरफ्तार कटघर पुलिस ने जुआ/सट्टा के खिलाफ अभियान चलाते हुए वारिस उर्फ नाजिर और मोहम्मद रिहान को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मौके से 4120 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और दो मोबाइल फोन बरामद हुए। आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस ने एक अन्य कार्रवाई में कुलदीप नामक अभियुक्त को 6 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर भी सख्ती जनपदीय पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 20 व्यक्तियों को शांति भंग करने के आरोप में हिरासत में लेकर न्यायालय में पेश किया। इनमें मैनाठेर से 7, बिलारी से 3, नागफनी, मझोला, भोजपुर से 1-1, पाकबड़ा से 2 और डिलारी से 5 लोग शामिल हैं।

अभियान रहेगा जारी एसएसपी सतपाल अंतिल ने स्पष्ट किया है कि जनपद में अपराध नियंत्रण, मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण : प्रभारी मंत्री ने गिनाई उपलब्धियां, विकास और सुशासन का रखा खाका




**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी मंत्री अनिल कुमार ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और नीतियों पर विस्तृत जानकारी दी प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने विकास, सुशासन और विश्वास की ऐतिहासिक यात्रा तय की है। उन्होंने ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्व के मूल मंत्र को सरकार की सफलता का आधार बताया मंत्री ने कहा कि बीते नौ वर्षों में प्रदेश में कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है, जिससे अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का माहौल बना है। संगठित अपराध और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है, वहीं महिला सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति, एंटी रोमियो स्क्वॉड और हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाओं को मजबूत किया गया है उन्होंने बताया कि नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के ह्यडबल इंजनह्व मॉडल के चलते प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। 30 हजार से अधिक फैक्ट्रियों के पंजीकरण और लाखों युवाओं को रोजगार मिलने से उत्तर प्रदेश तेजी से औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है कृषि क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश खाद्यान्न, गन्ना, आम और दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बना है। गन्ना किसानों को 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया और गन्ना मूल्य में वृद्धि से किसानों की आय बढ़ी है। बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एक्सप्रेस-वे वाला राज्य बन चुका है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, मेट्रो और लॉजिस्टिक नेटवर्क के विस्तार से प्रदेश में कनेक्टिविटी मजबूत हुई है गरीब कल्याण योजनाओं के तहत मुफ्त राशन, आवास, शौचालय, बिजली और पेयजल जैसी सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाई गई है।

# 2011 हमले के मामले में दोषसिद्ध वारंटी फिरोज गिरफ्तार, 15 साल बाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर क्षेत्र में वर्ष 2011 में हुई चर्चित हिंसक घटना के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। दोषसिद्ध वारंटी मोहम्मद फिरोज को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला कारागार भेज दिया गया पुलिस के अनुसार, 6 जुलाई 2011 को थाना मैनाठेर क्षेत्र में अफवाहों के चलते स्थानीय लोगों की भीड़ ने लाठी-डंडों और अवैध हथियारों से हमला कर दिया था। इस दौरान तत्कालीन पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) मुरादाबाद परिक्षेत्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में थाना मैनाठेर पर विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था और कुल 25 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी इस प्रकरण की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट नंबर-02, मुरादाबाद में चल रही है। न्यायालय द्वारा 16 आरोपियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किए गए थे। इनमें से तीन आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है, जबकि छह आरोपियों का मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है हाल ही में 23 मार्च 2026 को इस मामले से जुड़े 14 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेजा गया था, जबकि 24 मार्च को एक अन्य आरोपी रिजवान को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया इसी क्रम में गुरुवार 26 मार्च 2026 को थाना मैनाठेर पुलिस ने दोषसिद्ध वारंटी मोहम्मद फिरोज पुत्र नन्हें, निवासी ग्राम ताहरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला कारागार मुरादाबाद भेज दिया गया पुलिस टीम की भूमिका सराहनीय इस गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक किरनपाल सिंह, निरीक्षक अपराध अजय कुमार सहित कांस्टेबल मनीष भाटी, सतेन्द्र कुमार और शिवम कुमार की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी है और जल्द ही अन्य वारंटियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिला सुरक्षा दल ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक




**बुलंद मंजिल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला सुरक्षा दल जनपद स्तरीय टीम, मुरादाबाद द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने हेतु विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान टीम ने महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी कर उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित अन्य लाभकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित भी किया गया। महिला सुरक्षा दल की टीम ने महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की। इस दौरान वूमेन पावर लाइनझ्र1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइनझ्र181, पुलिस आपातकालीन सेवाझ्र112, स्वास्थ्य सेवाझ्र102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइनझ्र1076, चाइल्ड लाइनझ्र1098 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी जागरूक किया गया। उन्हें ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। जागरूकता अभियान के अंत में टीम द्वारा पंपलेट वितरण कर उपस्थित महिलाओं को आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराई गईं। महिला सुरक्षा दल की इस पहल को महिलाओं व बालिकाओं ने सराहते हुए इसे समाज में जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अष्टमी पर माता काली मंदिर खोया-पाया विशेष शिविर का शुभारंभ, 5 बच्चों को परिजनों से मिलाया



**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर्व के अवसर पर लालबाग स्थित सिद्धपीठ माता काली मंदिर में नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद द्वारा दो दिवसीय ह्यखोया-पाया विशेष शिविर का आयोजन किया गया। मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के मद्देनजर यह पहल की गई है शिविर का उद्घाटन उपनियंत्रक/अपर जिलाधिकारी (नगर) ज्योति सिंह ने मंदिर के महंत राम गिरी महाराज तथा उपनियंत्रक नीरज चक की गरिमामयी उपस्थिति में फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान महंत राम गिरी महाराज ने नारियल फोड़कर शिविर का शुभारंभ किया अपर जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने बताया कि अष्टमी और नवमी के अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए नागरिक सुरक्षा के वार्डनों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे व्यवस्था सुचारु बनी रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य खोए हुए बच्चों को उनके परिजनों से मिलवाना, श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करना तथा शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग देना है मंदिर परिसर के चारों ओर पीली ड्रेस में तैनात वार्डन लगातार अपनी ड्यूटी निभाते नजर आए। शिविर की सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 5 खोए हुए बच्चों को उनके माता-पिता से सकुशल मिलाया जा चुका है इस अवसर पर उपनियंत्रक नीरज चक, डिप्टी चीफ वार्डन पंकज सक्सेना, डिविजनल वार्डन अशोक कुमार गुप्ता, आईसीओ सुभाष जैन, अनुज गुप्ता, डॉ. पूनम बंसल, डिविजनल वार्डन कटघर मोहम्मद खालिद, स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर, कैंप प्रभारी लक्ष्मण सिंह प्रजापति, संजय कुमार गुप्ता सहित अनेक वार्डन एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे कार्यक्रम में बिजेश कुमार शर्मा, अनामिका गुप्ता, सूरज प्रकाश, आयुष भटनागर, अनिल रस्तोगी, निमित जायसवाल, संदीप जैन, राम सेवक गुप्ता, मोहम्मद तंजीम, आकाश गुप्ता, दीपिका वर्मा, बबीता, अरुण गुप्ता, नीतू सक्सेना, सुखदेव यादव, चेतन मेहता, शकील अहमद, निहाल रस्तोगी, गजाला सुल्ताना, संजय भटनागर, राज बिमल, सलीम कादरी, शाहनवाज आलम समेत अन्य सहयोगी सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं वह नागरिक सुरक्षा विभाग की इस पहल की श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की जा रही है।

# मुरादाबाद : नशे के सौदागरों पर पुलिस का काल बनकर टूटा कहर, 510 ग्राम चरस के साथ तस्कर दबोचा




**बुलन्द मंज़िल ब्यूरो**

**मुरादाबाद ।** जनपद मुरादाबाद में नशे के अवैध कारोबार और अपराधियों के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम रंग ला रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (ररढ) सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में थाना मझोला पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर तस्कर को भारी मात्रा में अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

आधी रात को पुलिस की घेराबंदी में फंसा तस्कर

मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 23/24 मार्च की दरमियानी रात को थाना मझोला पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्धों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान जयंतीपुर क्षेत्र में पुलिस को एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध लगीं। पुलिस ने जब उसे रोककर तलाशी ली, तो उसके पास से 510 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली अवैध चरस बरामद हुई।

आरोपी की पहचान और आपराधिक इतिहास

पकड़े गए आरोपी की पहचान नाजिम पुत्र नासिर, निवासी मीना नगर, जयंतीपुर (थाना मझोला, जनपद मुरादाबाद) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना मझोला में मु0अ0सं0-292/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस (ठऊढर) एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

**नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति**

मुरादाबाद पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि शहर में नशे का जाल फैलाने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी के निर्देशानुसार जिले के हर थाना क्षेत्र में पैनी नजर रखी जा रही है ताकि युवा पीढ़ी को इस दलदल से बचाया जा सके।

# धूमधाम से लोगों ने मनाई महा अष्टमी, किया कंजक पूजन



**दैनिक बुलंद मंजिल/ सिंहराज सागर**

**सैफनी।** महा अष्टमी पर्व सैफनी में धूमधाम से मनाया गया।गुरुवार सुबह कंजक पूजन हुआ। सुबह पहले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में जाकर मां दुर्गा की अराधना की। इसके बाद अपने घरों में पहुंच कर कंजकों को आमंत्रित कर उन्हें भोजन कराया। इससे पहले सभी कंजकों के जल से पैर धोकर उनके माथे पर तिलक किया। बाद में सभी कंजकों को हलवा, पूरी का भोजन करवा कर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी कंजकों को उपहार दिया गया।वहीं मंदिर के पुजारियों ने बताया कि आठवें नवरात्र पर पूजन के बाद व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने आज अपना व्रत खोल लिया। आठ दिनों से नवरात्रों के चलते श्रद्धालुओं ने व्रत रखा था। नवरात्र में पूजा अर्चना करने से मां सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। मां दुर्गा के पावन चरणों में पूजा अर्चना करने वाले साधकों को कन्या पूजन के लिए कन्याओं को ढूंढने में भारी मशक्कतों का सामना करना पड़ा। प्राचीन काल से मान्यता चली रही है कि जो साधक नवरात्र का व्रत कर अष्टमी के दिन कन्याओं की पूजा कर उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन करवाते हैं, उन पर मां भगवती अपना आशीर्वाद रखती हैं। लोगों ने पूरे विधि विधान पूर्वक 7, 9, 11 कन्याओं के पांव धोए, तिलक लगाया और हाथों में मोली बांधकर हलवे पूरी का प्रसाद खिलाया।

# गौ रक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने डीएम को ज्ञापन देकर की मांग



**दैनिक बुलंद मंजिल/ विनोद गुप्ता**

**रामपुर।** गौ रक्षा सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने मुरादाबाद जिलाध्यक्ष संदीप चौधरी के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि मथुरा में गौ सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन न्योछावर कर देने वाले फरसा बाबा उर्फ चन्द्र शेखर का निधन अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन से मांग की है कि इस कृत्य मैं शामिल लोगों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करते हुए फरसा बाबा को शांति दिलाने का कार्य किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की घटनाओं को दोबारा अंजाम न दे पाए। ब्रज क्षेत्र खासकर मथुरा जिले की सीमाओं पर गौ तस्करों का अड्डा बन जाने का भी आरोप लगाते हुए उन पर कार्रवाई करने की भी मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

# नवरात्रि की अष्टमी पर कन्या पूजन कर रावत परिवार ने लिया आशीर्वाद



**दैनिक बुलंद मंजिल विनोद गुप्ता**

**शाहबाद रामपुर।** गुरुवार को चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा विधि विधान के साथ-साथ कन्या पूजन भी किया गया। इस पूजन के अवसर पर घर की महिलाओं,पुरुष व अन्य सदस्यों ने सर्वप्रथम हवन पूजन किया। मां महागौरी की आरती की और माता रानी की मूर्ति पर फल,फूल चढ़ाकर नारियल का भोग भी लगाया। इस अवसर पर घर की महिलाओं ने लाल कपड़े पहने, मां को सफेद फूल, रोली, कुमकुम, चढ़ाकर चुनरी व अन्य सामग्रियों से माता रानी का श्रृंगार किया। भोग के रूप में माता रानी को हलवा, चने और पूरी भोग लगाया गया मां देवी के मंदिरों में भी भारी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मान्यता मांगी । वहीं नौ कन्याओं के पैर धोकर उन्हें तिलक आदि उपहार वितरण किया।

CMYK

# राशन डीलरों के कमीशन बढ़ाने की मांग लेकर सांसद चंद्रशेखर आजाद ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**बुलंद मंज़िल/उप जिला प्रभारी मौहम्मद फैजान**

**धामपुर/बिजनौर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत कार्यरत उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) का कमीशन बढ़ाने की मांग उठाई है। उन्होंने वर्तमान में मिल रहे 90 पैसे प्रति किलोग्राम के लाभांश को बढ़ाकर 3 रुपये प्रति किलोग्राम करने तथा राशन डीलरों के लिए निश्चित मानदेय की व्यवस्था लागू करने की अपील की है।





एड. चन्द्र शेखर
संसद सदस्य (लोक सभा)
नगीना – उत्तर प्रदेश, भारत
Adv. CHANDRA SHEKHAR
MEMBER OF PARLIAMENT (LOK SABHA)
NAGINA – UTTAR PRADESH, INDIA

सत्यमेव जयते

राष्ट्रीय अध्यक्ष : • आजाद समाज पार्टी (कांशी राम)
सदस्य : • गृह मामलों संबंधी संसदीय स्थाई समिति
• अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण संबंधी संसदीय समिति
• गृह मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति
NATIONAL PRESIDENT : • AAZAD SAMAJ PARTY (KANSHI RAM)
MEMBER : •PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON HOME AFFAIRS
•PARLIAMENTARY COMMITTEE ON WELFARE OF SCS & STS
•CONSULTATIVE COMMITTEE FOR MINISTRY OF HOME AFFAIRS

पत्रांक संख्या : 205/CS/MP/LS/2026 दिनांक : 26/03/2026

प्रति,
माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
उत्तर प्रदेश सरकार
लखनऊ – 226001

विषय: उत्तर प्रदेश के उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) का लाभांश 90 पैसे प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति किलोग्राम किए जाने एवं निश्चित मानदेय की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,
सादर अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत कार्य कर रहे उचित दर विक्रेता (राशन डीलर) प्रदेश के लाखों गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न पहुँचाने का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। यह व्यवस्था सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का मजबूत आधार है।

वर्तमान समय में उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) को मात्र 90 पैसे प्रति किलोग्राम की दर से लाभांश प्राप्त हो रहा है। जबकि पिछले वर्षों में लगातार बढ़ती महँगाई के कारण परिवहन व्यय, दुकान संचालन, बिजली, श्रम तथा अन्य खर्चों में लगातार वृद्धि हुई है। महंगाई के अनुपात में यदि देखा जाए तो वर्तमान लाभांश दर आज की परिस्थितियों के अनुरूप नहीं रह गई है, जिससे उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

इसके अतिरिक्त, अन्य राज्यों में उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) को लाभांश के साथ-साथ निश्चित मानदेय की व्यवस्था भी दी जा रही है, जिससे वहाँ के विक्रेताओं को आर्थिक स्थिरता प्राप्त होती है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन भी अधिक प्रभावी ढंग से हो पाता है। इसी प्रकार की व्यवस्था उत्तर प्रदेश में भी लागू किए जाने पर विचार किया जाना प्रदेशहित में होगा।

अतः आपसे आशा है कि उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) की समस्याओं एवं वर्तमान महंगाई को ध्यान में रखते हुए उनका लाभांश 90 पैसे प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 3 रुपये प्रति किलोग्राम किया जाए तथा अन्य राज्यों की भाँति निश्चित मानदेय की व्यवस्था लागू करने की कृपा करें। इससे उचित दर विक्रेताओं (राशन डीलरों) को आर्थिक स्थिरता मिलेगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बन सकेगी।
सादर जय भीम!

भवदीय,
(एड. चन्द्रशेखर आजाद)

ADDRESS : • Office : 94, North Avenue, New Delhi - 110004 • Residence : 1143, Chhutmalpur, Dist - Saharanpur, Uttar Pradesh - 247662
Tel. : 011-23094252 , Email : aazadsamajpartyk@gmail.com

सांसद ने अपने पत्र में कहा कि प्रदेश में राशन डीलर लाखों गरीब और जरूरतमंद परिवारों तक खाद्यान्न पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। यह व्यवस्था सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का मजबूत आधार है। इसके बावजूद उन्हें बहुत कम लाभांश मिल रहा है, जो वर्तमान महंगाई के दौर में अपर्याप्त साबित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि बीते कुछ वर्षों में महंगाई लगातार बढ़ी है, जिससे परिवहन, दुकान संचालन, बिजली, श्रम और अन्य खर्चों में भी इजाफा हुआ है। ऐसे में मौजूदा कमीशन दर परिस्थितियों के अनुरूप नहीं रह गई है, जिसके कारण राशन डीलरों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने यह भी उल्लेख किया कि अन्य राज्यों में राशन डीलरों को कमीशन के साथ-साथ निश्चित मानदेय की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक स्थिरता मिलती है और सार्वजनिक वितरण प्रणाली का संचालन अधिक प्रभावी ढंग से हो पाता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भी ऐसी व्यवस्था लागू करने पर विचार करने का अनुरोध किया।

पत्र के अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि राशन डीलरों की समस्याओं और वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उनका कमीशन बढ़ाकर 3 रुपये प्रति किलोग्राम किया जाए और निश्चित मानदेय की व्यवस्था लागू की जाए, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाया जा सके।

## भजन सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को किया गया मंत्र मुग्ध



**दैनिक बुलंद मंज़िल सलीम हैदर**

**बरूकी।** नगीना बिजनौर मार्ग पर शादीपुर बिजली घर के निकट स्थित शिव दुर्गा मंदिर पर अष्टमी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पुजारी बिहारी दास ने हवन यज्ञ संपन्न कराया। हवन यज्ञ पूजन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला उपाध्यक्ष विनीत चौधरी तथा आंचल चौधरी मुख्य यजमान रहे। कार्यक्रम में भजन गायको ने भजन सुनाकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, सुमित कुमार, दीपक कुमार , वंश मौर्य,आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत महिला पुलिस की बाइक रैली को दिखाई गई हरी झंडी



**बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइन, बिजनौर से महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। इस रैली को क्षेत्राधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में शामिल महिला पुलिसकर्मियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता फैलाना, उन्हें आत्मनिर्भर और सुरक्षित महसूस कराना तथा अपराध के प्रति सजग बनाना रहा। रैली के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने लोगों को यह संदेश दिया कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। सभी ने मिशन शक्ति अभियान को सफल बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया।

## नमाज पढ़ने जा रहे युवक पर हमला, लाठी डंडों से मारपीट प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल/यासिर शम्सी।**

**नगीना।** हरगांव चानदन में नमाज पढ़ने जा रहे एक युवक के साथ मारपीट के चलते पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर गाली गलौज करने और लाठी डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है।राशिद अली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह दोपहर करीब 12:30 बजे नमाज पढ़ने के लिए फार्म की ओर जा रहा था।इसी दौरान कताई मिल के सामने गांव के शाहिद पुत्र सईद और आबिद पुत्र सईद मिल गए।आरोप है कि दोनों ने उसे देखते ही गाली गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट कर दी।पीड़ित के अनुसार, उसने किसी तरह पास की मस्जिद में घुसकर अपनी जान बचाई।जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

## अष्टमी पर चांदपुर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब: संतोषी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, मेले की रौनक ने बढ़ाया उत्साह





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** मे नवरात्र की अष्टमी के पावन अवसर पर चांदपुर नगर पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। नगर के प्रमुख संतोषी माता मंदिर सहित मां काली माता और अन्य देवी मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में भक्तों ने माता के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह तड़के से ही मंदिरों में घंटों और जयकारों की गूंज सुनाई देने लगी। श्रद्धालु लंबी कतारों में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते नजर आए। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने पूरे वातावरण को श्रद्धा और भक्ति से सराबोर कर दिया।

अष्टमी के अवसर पर मंदिरों को विशेष रूप से सजाया गया। रंग-बिरंगी लाइटों, फूलों और आकर्षक सजावट से मंदिर परिसर जगमगा उठा। साथ ही मंदिर समितियों द्वारा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। मंदिरों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा भव्य मेले का आयोजन भी किया गया, जिसने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। मेले में विभिन्न प्रकार की दुकानें, झूले और स्वादिष्ट खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जहां बच्चों और महिलाओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने खरीदारी के साथ-साथ मनोरंजन का भरपूर आनंद लिया। अष्टमी का यह पर्व चांदपुर में आस्था, उल्लास और सामाजिक समरसता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया, जहां हर ओर जय माता दी के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा।

## रास्ते के विवाद पर मारपीट, तीन लोगों पर आरोप मुकदमा दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल/यासिर शम्सी।**

**नगीना।** नगर के विश्नोई सराय निवासी एक युवक ने रास्ते में कहासुनी के बाद मारपीट किए जाने का आरोप लगाया है।पीड़ित ने मामले में तीन लोगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार,मोनू पुत्र रामअवतार ने बताया कि वह दोपहर करीब एक बजे अपने साथी कृष्ण पुत्र हरिशचंद के साथ किसी कार्य से बूढ़ावाली चुंगी की ओर जा रहा था।रास्ते में कायस्थ सराय निवासी शुएब, शावेज और जानू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई।मोनू का आरोप है कि कहासुनी के दौरान तीनों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की,जिससे उसे चोटें आईं।आरोपित मौके से जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर फरार हो गए।

## युवक के साथ मारपीट, चार युवकों पर आरोप रिपोर्ट दर्ज

**दैनिक बुलंद मंजिल/यासिर शम्सी।**

**नगीना।** एक युवक के साथ मारपीट के चलते पीड़ित की मां ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार,आजाद कॉलोनी लाइनपार निवासी अलका रानी ने बताया कि 4 मार्च को उनका बेटा अंशमन अपने घर लौट रहा था। रास्ते में मोहल्ला लाल सराय में सत्यम,डम्पी, अंगद व बिच्छू नामक युवकों ने उसे रोक लिया।आरोप है कि कहासुनी के बाद आरोपियों ने गाली गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर आरोपियों ने युवक के साथ लात घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।।

## हलीमा मेडिकोज का भव्य उद्घाटन, पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने किया शुभारंभ।



**बुलंद मंज़िल मौहम्मद फैजान**

**धामपुर।** मोहल्ला अफगानान में नए मेडिकल स्टोर हलीमा मेडिकोज का भव्य उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग एवं स्थानीय लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उद्घाटन के दौरान पालिका अध्यक्ष रवि कुमार सिंह ने मेडिकल स्टोर के स्वामी काशिफ शेख को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के मेडिकल स्टोर खुलने से क्षेत्र के लोगों को दवाइयों की बेहतर और सुलभ सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने काशिफ शेख के उज्वल भविष्य एवं व्यापार की उन्नति के लिए शुभकामनाएं भी दीं।मेडिकल स्टोर के स्वामी काशिफ शेख ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि ग्राहकों को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराई जाएं तथा सेवा में किसी प्रकार की कमी न आने दी जाए।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को मिष्ठान वितरित किया गया और सभी ने हलीमा मेडिकोज की सफलता की कामना की।

## स्याऊ के पास भीषण सड़क हादसा: बाइक की आमने-सामने टक्कर में युवक गंभीर घायल, आरोपी फरार—इलाके में दहशत



"STOP AIDS, KEEP THE PROMISE"
(एड्स रोकेंगे, वादा निभायेंगे)
चिकित्सालय परिसर धूम्रपान वर्जित क्षेत्र है। कृपया इसे साफ रखने में सहयोग करें।





**दैनिक बुलंद मंजिल नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गांव स्याऊ के मोहल्ला खेड़ा पिडं दान स्थल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है, जिसमें दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गया, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पीपली जाट निवासी सोमीन पुत्र इतवारी किसी आवश्यक कार्य से बाइक द्वारा चांदपुर जा रहा था। जैसे ही वह स्याऊ क्षेत्र के मोहल्ला खेड़ा स्थित पिडंदान स्थल के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रहे ग्राम राजपुर परसू निवासी धर्मेन्द्र पुत्र कृपाल ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सोमीन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद आरोपी धर्मेन्द्र पुत्र कृपाल मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्याऊ पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए किसी अन्य सरकारी या निजी अस्पताल में ले जाने की सलाह दी गई।

हादसे में बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई और यातायात नियमों के सख्त पालन की मांग की है।

पुलिस का कहना है कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटा,तीन तलाक देने का आरोप

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना देहात।** ग्राम जटनगला निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और मारपीट करने के चलते थाने में तहरीर दी। समरीन की शादी नवंबर 2024 में ग्राम अलीपुरा जट निवासी इस्तकार के साथ हुई थी।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष अतिरिक्त दहेज में कार की मांग कर रहा था।14 मार्च की रात विवाहिता के साथ मारपीट की गई,जिससे उसका हाथ टूट गया। परिजन उसे मायके ले आए और मेडिकल कराया।वहीं 21 मार्च को ईद मिलने गए गांव के तीन युवकों के साथ भी आरोपियों द्वारा मारपीट और बंधक बनाने का आरोप है।पीड़ित पक्ष का यह भी कहना है कि आरोपी ने गवाहों के सामने तीन तलाक दे दिया,जिससे विवाहिता सदमे में है।पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## नगीना पुलिस ने चैन लूट का किया खुलासा, दंपति गिरफ्तार, कार व जेवर बरामद




**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**नगीना।** क्षेत्र में हुई चैन चोरी की घटना का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए एक दंपति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई सोने की चैन और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।बुधवार को वादी द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया गया कि अज्ञात चोर उसकी पत्नी के गले से सोने की चैन चोरी कर ले गए।मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। विवेचना के दौरान मोहन कुमार पुत्र यादराम और नूरजहां पत्नी मुबारिक निवासी मोहल्ला इस्लामनगर,थाना नूरपुर के नाम प्रकाश में आए।पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया।तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी की गई पीली धातु की चैन और घटना में इस्तेमाल की गई बिना नंबर प्लेट की हुंडई आई 10 कार बरामद की गई।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार मोहन कुमार का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

## आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पिता पुत्री गिरफ्तार

**दैनिक बुलंद मंजिल /यासिर शम्सी।**

**बढ़ापुर।** आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।यह कार्रवाई करीब दो सप्ताह पूर्व दर्ज मुकदमे के आधार पर की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरियाणा के जनपद फतेहाबाद के ग्राम रत्ताखेड़ा निवासी वादी बिट्टू राम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि
फौजा सिंह,उसकी पत्नी कौशल्या,पुत्री राजविन्द्र कौर उर्फ सुमन तथा पुत्र सोनू ने उसके भाई रविकांत के साथ मारपीट की और उसे आत्महत्या के लिए उकसाया।आरोप है कि घटना से आहत होकर रविकांत ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली।तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ



मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।विवेचना के दौरान पुलिस ने गुरुवार को मामले में वांछित आरोपी फौजा सिंह पुत्र वजीर सिंह तथा उसकी पुत्री राजविन्द्र उर्फ सुमन निवासी ग्राम रामजीवाला को गिरफ्तार कर लिया।

## नगीना में रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत

**दैनिक बुलंद मंजिल/ यासिर शम्सी।**





**नगीना।** क्षेत्र में रेलवे की डाउन लाइन पर एक बुजुर्ग व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंच गई।जानकारी के अनुसार,जीआरपी के हेड कांस्टेबल अमित कुमार और कांस्टेबल सुधीर मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया।तलाशी के दौरान मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी पहचान 66 वर्षीय निजामुद्दीन निवासी अलीपुरा चौहान,सैदपुरी महीचंद के रूप में हुई।जीआरपी पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है।वहीं,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मंदिर जाते समय युवती युवक के साथ हुई फरार

**दैनिक बुलंद मंजिल यासिर शम्सी।**

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर बताया गया कि उनकी पुत्री सुबह करीब 6 बजे गांव के मंदिर में जल चढ़ाने के लिए घर से निकली थी।आरोप है कि रास्ते में गांव के ही कुलवन्त,सूर्य प्रताप, जागन सिंह,नत्थो देवी और नरेन्द्र सिंह ने उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गए।पीड़ित पिता का कहना है कि जब उन्होंने आरोपितों के परिजनों से अपनी पुत्री के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की,पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दैनिक
बुलन्द मंज़िल
बिजनौर
संभल
शुक्रवार, 27 मार्च 2026
Daily Bilingual News Paper (Hindi & English)


# जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन, फील्ड ट्रेनर्स को दी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ

**दैनिक बुलंद मंज़िल**
**मौहम्मद फैजान**

**बिजनौर।** जनपद में आगामी जनगणना कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तृतीय एवं चतुर्थ बैच के फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण आज सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वान्या सिंह द्वारा की गई।



कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्रीमती वान्या सिंह ने उपस्थित फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसकी सफलता काफी हद तक फील्ड स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों की दक्षता एवं जिम्मेदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं से अपेक्षा की कि वे प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को जनगणना से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें घर-घर सर्वेक्षण की प्रक्रिया, आंकड़ों के सही संकलन, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा गोपनीयता बनाए रखने के दिशा-निर्देश शामिल रहे। साथ ही, फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षित फील्ड ट्रेनर्स अब अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में भी अहम भूमिका निभाएंगे, जिससे जनगणना कार्य को समयबद्ध एवं सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए प्रशिक्षण के सफल समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# गौवंश आश्रय स्थल पर सीओ का औचक निरीक्षण

## व्यवस्थाओं की ली जानकारी, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और गौवंश की देखभाल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह द्वारा थाना चांदपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रामपुर नजराना स्थित गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ देश दीपक सिंह ने गौवंश के रख-रखाव, चारा-पानी की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था तथा सुरक्षा इंतजामों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने पाया कि व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता है, जिस पर उन्होंने मौके पर मौजूद जिम्मेदार अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि गौवंश की देखभाल में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पशुओं को समय पर पर्याप्त चारा और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाए। इसके साथ ही गौशाला परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने और उचित प्रबंधन करने के भी निर्देश दिए गए।

सीओ ने यह भी कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण रूप से पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाए, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।

निरीक्षण के अंत में उन्होंने सख्त चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# 3 दिन तक लावारिस पड़ी रही गौमाता : सोशल मीडिया पर हंगामे के बाद जागा प्रशासन, जेसीबी से कराया अंतिम संस्कार—नेताओं के तीखे तेवर

**दैनिक बुलंद मंजिल/**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/नूरपुर।** थाना नूरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मडोरा में गौवंश के प्रति गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया, जहां एक गौमाता का शव करीब तीन दिनों तक खुले में पड़ा रहा। इस घटना से क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया और लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं। ग्रामीणों का आरोप है कि समय रहते प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया, जिससे स्थिति और भी संवेदनशील हो गई।




प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस घटना की सूचना विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिला महासचिव सुशील कुमार द्वारा चांदपुर स्याऊ निवासी एवं संगठन के जिला महामंत्री व वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूत को दी गई। बताया गया कि सुशील कुमार मूल रूप से ग्राम मडोरा के निवासी हैं और वर्तमान में नूरपुर में रह रहे हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (ट्विटर/एक्स) के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दी। सूचना प्रसारित होने के कुछ ही समय बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और थाना प्रभारी नूरपुर परवेज कुमार को मामले से अवगत कराया गया।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी परवेज कुमार स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी मशीन की मदद से गहरा गड्ढा खुदवाकर गौमाता का विधिवत अंतिम संस्कार कराया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के लोगों ने कुछ राहत की सांस ली, हालांकि प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल बरकरार हैं।

विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के नेताओं के तीखे बयानः

विश्व हिन्दू महासंघ गौ रक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तोमर ने घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि तीन दिनों तक गौमाता का शव खुले में पड़ा रहना बेहद शर्मनाक है। यह प्रशासनिक उदासीनता का गंभीर उदाहरण है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

प्रदेश मंत्री स्वाति तोमर ने कहा कि यह घटना केवल धार्मिक आस्था ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए भी बड़ा खतरा है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदारी तय करना बेहद जरूरी है।

जिला महामंत्री एवं वरिष्ठ पत्रकार नागेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि सूचना देने के बावजूद कार्रवाई में देरी होना प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। समय रहते कदम उठाए जाते तो ऐसी स्थिति नहीं बनती। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

संगठन के पदाधिकारियों ने योगी आदित्यनाथ से मांग की है कि गौवंश के साथ लापरवाही या अत्याचार करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं क्षेत्र में जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग तेज होती जा रही है।

## अपराध पर कसेगा शिकंजा

# चांदपुर में सीओ देश दीपक सिंह की सख्ती, लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के दिए कड़े निर्देश





**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह द्वारा थाना चांदपुर में विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित किया गया। इस दौरान अपराध और विवेचनाओं की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह ने लंबित विवेचनाओं को गंभीरता से लेते हुए सभी विवेचकों को निर्देशित किया कि वे मामलों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक मामले में तथ्यों के आधार पर प्रभावी जांच की जाए। सीओ ने कहा कि जनता को त्वरित न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है, इसलिए विवेचना में पारदर्शिता और गति दोनों जरूरी हैं। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय पुलिसिंग, नियमित गश्त और संवेदनशील मामलों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान विभिन्न आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उन्होंने विवेचकों से प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि पुराने मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके। बैठक के अंत में सभी पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की हिदायत दी गई, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# मिशन शक्ति की बड़ी पहल : चांदपुर में घर-घर पहुंची जागरूकता, बाल विवाह और साइबर अपराध पर कसा शिकंजा

**दैनिक बुलंद मंजिल/**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर।** महिला थाना चांदपुर में आज दिनांक 26 मार्च 2026 को मिशन शक्ति टीम द्वारा एक सशक्त एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र के पुरुषों, महिलाओं एवं बालिकाओं को समाज में फैली कुरीतियों, अपराधों और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।







अभियान के दौरान टीम ने विशेष रूप से बाल विवाह मुक्त अभियान को केंद्र में रखते हुए लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कानूनी पहलुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने स्पष्ट किया कि बाल विवाह न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के भविष्य और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। इसके साथ ही वर्तमान समय में तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम के मामलों को देखते हुए लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, डळढ शेयरिंग और सोशल मीडिया ठगी से बचने के तरीके भी समझाए गए। ग्रामीणों और महिलाओं को डिजिटल सतर्कता अपनाने की सलाह दी गई। मिशन शक्ति टीम ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी, जिनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान प्रमुख रूप से शामिल रहे। टीम ने बताया कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर आम नागरिक अपनी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। टीम ने बताया कि किसी भी आपात स्थिति में वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।

अभियान के अंत में मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए तथा उपस्थित लोगों को संबंधित नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी उपलब्ध कराए गए, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। स्थानीय लोगों ने मिशन शक्ति टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान समाज में जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# नरसी चरित्र की लीला ने बांधा समां : देवी मंदिर में कृष्ण भक्ति में डूबे श्रद्धालु, भात प्रसंग ने किया भावुक



**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर ।** चांदपुर स्याऊ स्थित देवी मंदिर में आयोजित नवरात्र महोत्सव के अंतर्गत चल रही महारासलीला में ह्यनरसी चरित्र का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा वातावरण राधे-कृष्ण के जयकारों से गूंजता रहा।

मंचन में भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त नरसी की अटूट भक्ति और उनके विश्वास की अद्भुत कथा प्रस्तुत की गई। दिखाया गया कि नरसी सदैव कृष्ण भक्ति में लीन रहते थे और हर परिस्थिति में भगवान पर पूर्ण विश्वास रखते थे। उनकी भक्ति की परीक्षा तब हुई जब उनकी नातिन के विवाह के लिए ससुराल पक्ष की ओर से भात में सोना-चांदी, आभूषण, वस्त्र और अन्य सामग्री लाने का निमंत्रण बेहद कम समय में आया। एक मार्मिक दृश्य में दिखाया गया कि जब पंडित निमंत्रण लेकर नरसी के घर पहुंचे, तो घर में भोजन तक की व्यवस्था नहीं थी। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण ने लीला रचते हुए नौकर का रूप धारण कर पंडित को भोजन कराया। जब नरसी लौटे और यह बात जानी, तो वे भावविभोर हो उठे और भगवान की महिमा का गुणगान किया।

भात प्रसंग में दिखाया गया कि जब नरसी के पास देने के लिए कुछ भी नहीं था, तब उन्होंने अपनी सारी चिंता भगवान को सौंप दी। भक्त की लाज रखने के लिए भगवान श्रीकृष्ण सांवला शाह नामक धनी सेठ के रूप में प्रकट हुए और अपार धन-संपत्ति के साथ भात भरकर नरसी का सम्मान बढ़ाया। इस दृश्य ने दर्शकों को भावुक कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस दौरान नगरवासियों ने भी भात भरने की परंपरा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लोगों ने अपने-अपने घरों से सामान लाकर सहयोग किया, जिससे सामूहिकता और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि समाज में सहयोग, विश्वास और भक्ति की भावना का भी संदेश दिया। श्रद्धालु देर रात तक लीला का आनंद लेते रहे और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

# महिला सुरक्षा की अलख : हीमपुर दीपा पुलिस का जागरूकता अभियान, गांव-गांव पहुंचकर बाल विवाह व साइबर क्राइम पर किया सचेत

**दैनिक बुलंद मंजिल**
**नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर/हीमपुर दीपा।** जनपद बिजनौर के थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र में महिला सुरक्षा और जनजागरूकता को लेकर पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत महिला उप निरीक्षक मुन्नी राठी व महिला हेड कांस्टेबल 362 संगीता सिंह ने ग्राम हीमपुर दीपा, रतनपुर खुर्द, रावटी एवं अकबरपुर तिगरी में पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।







अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बाल विवाह, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा और सामाजिक अपराधों के प्रति महिलाओं को सचेत किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसके खिलाफ तुरंत शिकायत दर्ज कराई जानी चाहिए। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव के उपाय भी विस्तार से बताए गए।

पुलिस टीम ने महिलाओं को विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इनमें विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं नशा मुक्ति भारत अभियान प्रमुख रूप से शामिल रहे।

इसके अलावा महिलाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवाएं 102 व 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098 एवं साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं।

अभियान के दौरान पंपलेट वितरित कर महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही नोडल अधिकारियों के संपर्क नंबर भी साझा किए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्राप्त की जा सके।

इस जागरूकता अभियान से ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग व सतर्क होती नजर आ रही हैं।

## आयोजन : नवारम्भ उत्सव में प्राथमिक शिक्षक की बारिकियां और रोजगार से कराया जागरुक

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजय छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित**

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**रिछा।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय उदरा में नवारम्भ उत्सव एवं वार्षिक उत्सव समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें शिक्षा के महत्व के साथ रोजगार की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान विनोद कुमार ने सभी बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बरेली के जिला मंत्री और ब्लॉक दमखोदा (रिछा) के पूर्व एआरपी बलवीर सिंह ने विभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षा के महत्व एवं विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा, कि ऐसे कार्यक्रम बेसिक शिक्षा में मील के पत्थर साबित होंगे, और बच्चों को अपने मनपसंद रोजगार चुनने में सहायक होंगे। सौरभ गंगवार ने परिषदीय विद्यालयों में मिलने बाली सुविधाओं को बताते हुए सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में ही कराने का आह्वान किया, जिससे शिक्षा के अनावश्यक खर्च से बचा जा सके।प्रधानाध्यापक और ब्लॉक के पूर्व एआरपी हरीश कुमार गंगवार ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। औरव विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को भी पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष कविता देवी, हरीश कुमार, दिव्या, स्वेता,सुनीता, जगतवीर, विजय सिंह, एजुकेटर कमलेश गंगवार, महेंद्र पाल गंगवार, बलवीर सिंह, विनोद वर्मा, हरीश कुमार गंगवार, दिव्या गंगवार, स्वेता देवल,जगतवीर एजुकेटर कमलेश गंगवार उपस्थित रहे।

## यात्रियों को बड़ी राहत... मुंबई जाने वालों का सफर होगा आसान और सस्ता, इस स्पेशल ट्रेन को मिला रेगुलर दर्जा

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** सालों से कन्फर्म टिकट के लिए जूझ रहे यात्रियों के लिए आखिरकार राहत की खबर आ गई है। काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल के बीच चलने वाली साप्ताहिक विशेष ट्रेन (09075-76) को अब नियमित ट्रेन का दर्जा दे दिया गया है। रेलवे ने इसे नया नंबर 21907-08 आवंटित कर दिया है और जल्द ही यह ट्रेन नियमित रूप से पटरी पर दौड़ती नजर आएगी। सबसे बड़ी बात–अब यात्रियों को इस ट्रेन में कम किराए पर सफर का मौका मिलेगा। बरेली से मुंबई के लिए अभी तक सिर्फ दो जोड़ी ट्रेनें ही विकल्प थीं–बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनल और रामनगर-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस। इन ट्रेनों में न सिर्फ बरेली बल्कि आसपास के जिलों के यात्रियों का भी भारी दबाव रहता है। हालत यह कि टिकट खुलते ही वेटिंग लिस्ट लंबी हो जाती है और कन्फर्म सीट मिलना किसी जंग से कम नहीं होता। ऐसे में इस नई नियमित ट्रेन के आने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

### मांग के आगे झुका रेलवे, मिला स्थायी दर्जा

काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल स्पेशल ट्रेन लंबे समय से चलाई जा रही थी, लेकिन इसे नियमित करने की मांग लगातार उठ रही थी। आखिरकार रेलवे को झुकना पड़ा और बुधवार को इसे स्थायी दर्जा देते हुए नया नंबर जारी कर दिया गया। इससे साफ है कि रेलवे अब यात्रियों की जरूरतों को लेकर गंभीर हुआ है। गर्मी के सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बरेली होकर 20 ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों के संचालन की तैयारी भी शुरू कर दी है। अप्रैल के मध्य तक इनकी समय सारिणी जारी होने की संभावना है। जिन रूटों पर वेटिंग और नो रूम की स्थिति बनेगी, वहां सबसे पहले विशेष ट्रेनें उतारी जाएंगी।

**अभी से बढ़ा दबाव, टिकट के लिए मारामारी**

रेलवे द्वारा 60 दिन पहले टिकट बुकिंग की सुविधा मिलते ही ट्रेनों में भारी दबाव दिखने लगा है। कई ट्रेनों में अभी से लंबी वेटिंग चल रही है, जिससे साफ है कि गर्मियों में हालात और बिगड़ सकते हैं। ऐसे में विशेष और नई नियमित ट्रेनें ही यात्रियों के लिए राहत का जरिया बनेंगी। होली के दौरान चलाई गई विशेष ट्रेनें 30 मार्च से बंद हो जाएंगी, लेकिन दो जोड़ी ट्रेनों के फेरों को अप्रैल के अंत तक बढ़ा दिया गया है। बाकी ट्रेनों को भी बढ़ाने की तैयारी है। रेलवे का फोकस साफ है–भीड़ संभालो और यात्रियों को राहत दो।

## पुलिस विभाग ने महिला सशक्तिकरण पर बैठक कर महिलाओं को किया जागरूक

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**शेरगढ़** । ब्लॉक सभागार में पुलिस विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों समेत क्षेत्र की अन्य महिलाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति सचेत करना रहा। इस दौरान इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, जिनकी जानकारी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का तुरंत उपयोग करें। वरिष्ठ उपनिरीक्षक आदित्य गौरव ने साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी अंजान लिंक पर क्लिक करने से बचें।बाल विकास परियोजना की सुपरवाइजर शिवांगी शुक्ला ने महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भावनाओं में आकर अपने फोटो या वीडियो किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में बदलाव ला सकती है और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए।इस दौरान उपनिरीक्षक जगवीर सिंह ओगेन्द्र महिला कांस्टेबल नीशु बालियान सुपरवाइजर उष्मा खान वसुन्धरा कुमारी कार्यकत्री गायत्री देवी जशोदा देवी मुगल सरोज आदि समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## 5.98 करोड़ संदिग्ध खातों पर कार्यवाही फिर भी यात्रियों को राहत नहीं- खुलासा

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

रेल टिकटों की कालाबाजारी रोकने, बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए आईआरसीटीसी नें 5.98 करोड़ संदिग्ध टिकट बुकिंग एकाउन्टस को स्थायी (3.04 करोड़) या अस्थायी (2.94 करोड़) रुप से बंद कर दिया है। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव नें आंवला सांसद नीरज के प्रश्न के उत्तर में संसद में बताया। मंत्री नें बताया कि वर्ष 2025 में आधार प्रमाणीकरण से फर्जी और एजेंट-आधारित बुकिंग पर अंकुश लगा है और टिकट उपलब्धता में सुधार हुआ है। साथ ही 2025-26 में ऑनलाइन टिकट बुकिंग 48.25 करोड़ रही, जबकि काउंटर से 6.15 करोड़ टिकट बुक किए गए। सांसद नें बताया कि सरकार नें आम यात्रियों को वास्तविक राहत और क्षेत्रवार प्रभाव पर कोई स्पष्ट डेटा नहीं दिया गया। बड़ी संख्या में खातों के बंद होने के आंकड़े स्वयं सरकार ने प्रस्तुत किए हैं। एंटी-बॉट तकनीक, संदिग्ध खातों की पहचान और साइबर निगरानी जैसे उपायों के बाद भी टिकट की उपलब्धता में वास्तविक सुधार के आंकड़ें सरकार नहीं बता पायी। यदि करोड़ों खातों पर कार्रवाई के बाद भी आम यात्रियों को राहत का स्पष्ट प्रमाण नहीं है, तो नीति के प्रभाव का स्वतंत्र मूल्यांकन जरूरी है।

## मॉडीफाइड साइलेंसर पर कड़ा एक्शन, 10 हजार से ज्यादा बाइक चेक

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** जनपद में बढ़ते शोर-शराबे और यातायात नियमों की अनदेखी पर लगाम कसने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया। 23 से 25 मार्च 2026 तक चले इस विशेष अभियान में मॉडीफाइड साइलेंसर और संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में जिलेभर में 413 स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 10,619 दोपहिया वाहनों की जांच की, जिनमें 74 वाहनों में मॉडीफाइड साइलेंसर पाए गए

30 वाहन सीज किए गए

45 का चालान काटा गया

अन्य कारणों से 4,555 वाहनों का चालान

शोर मचाने वालों पर सख्त वार

मॉडीफाइड साइलेंसर के खिलाफ पुलिस का रुख बेहद सख्त दिखा 30 बाइक सीधे सीज, अन्य कारणों से भी 8 वाहन जब्त किए गए।पुलिस का कहना है कि ऐसे साइलेंसर न सिर्फ नियमों का उल्लंघन हैं, बल्कि आम जनता के लिए परेशानी और हादसों की वजह भी बनते हैं।

संदिग्धों की चेकिंग में हथियार बरामद

अभियान के दौरान पुलिस ने 7,768 संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। इस दौरान एक आरोपी के पास से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। थाना किला में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेजा गया

दुकानदार भी रडार पर, 11 के खिलाफ कार्रवाई

मॉडीफाइड साइलेंसर बनाने और बेचने वालों पर भी पुलिस ने शिकंजा कसा– 562 दुकानों की चेकिंग

11 दुकानों से 15 साइलेंसर बरामद

11 आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

बरेली पुलिस ने साफ किया है कि मॉडीफाइड साइलेंसर और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## जागरुकता : देवरनियां में महिलाओं को नारी सशक्तिकरण जागरुकता के साथ फलों का भी किया वितरण

***देवरनियां कोतवाली पुलिस की पहल की सीओ ने की सरहाना***

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**देवरनियां** । पुलिस क्षेत्राधिकारी बहेड़ी के नेतृत्व में कोतवाली देवरनियां में महिलाओं को शासन की गाइड लाइन से अवगत कराने और महिला सशक्तिकरण को लेकर सेमीखेडा शिव मंदिर पर महिला चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरुक किया गया। नगर पंचायत देवरनियां के प्राच शिव मंदिर सेमीखेडा पर मेला चल रहा है। बुधवार को सीओ बहेडी अरुण कुमार और कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी की अगुवाई में कोतवाली देवरनियां व मिशन शक्ति टीम देवरनियां द्वारा सेमीखेड़ा शिव मंदिर पर महिलाओं को इकट्ठा करके थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी लाभकारी योजनाओं के संबंध में अवगत कराया गया।? इसके अलावा नवरात्रि के दृष्टिगत सीओ अरुण कुमार औत कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने फलों का वितरण भी किया। इससे महिलाओं को पुलिस की एक अच्छी छवी का अहसास हुआ है। शासन द्वारा महिला हेल्थ के?? लिए जारी नम्बरों के प्रपत्र भी बांटे गये। इस मौके पर सीओ अरुण कुमार ने नारी सशक्तिकरण भर आत्मनिर्भर के? बारे में महिलाओं को जागरुक किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी के अलावा उप निरीक्षक सुनील कुमार, ताजवर सिंह, महिला कांस्टेबल सविता,अंकिता आदि प्रमुख शामिल रहे।

## मेहमानों की प्लेट पर गैस का संकट... बरेली में 90 फीसदी मैरिज हॉल बुक, कई ऑर्डर कैंसिल, कैटरर्स ने खड़े किए हाथ

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के असर ने अब बरेली की शादियों पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत ऐसी गहराई कि शहर के 80 से 90 फीसदी मैरिज हॉल बुक होने के बावजूद कैटरर्स हाथ खड़े कर रहे हैं। कई ऑर्डर निरस्त किए जा चुके हैं, जबकि आने वाले सहालग में हालात और बिगड़ने के संकेत मिल रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि कॉमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है। बाजार में यह चर्चा भी तेज है कि सिलिंडर की उपलब्धता आवश्यक सेवाओं तक सीमित की जा सकती है। ऐसे में कैटरर्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती हर आयोजन के लिए आठ से दस सिलिंडर जुटाने की है, जो फिलहाल नामुमकिन साबित हो रही है। हालात यह हैं कि बुकिंग कराने वाले ग्राहक कीमत बढ़ाने को भी तैयार हैं, लेकिन सिलिंडर की कमी के चलते कोई समाधान नहीं निकल पा रहा। कैटरर्स साफ कह रहे हैं कि गैस के बिना बड़े आयोजनों में भोजन तैयार करना संभव नहीं, इसलिए वे जोखिम लेने से बच रहे हैं।

**15 अप्रैल से सहालग, हॉल फुल लेकिन आयोजन अधर में**

मैरिज हॉल संचालकों के अनुसार 15 अप्रैल से सहालग शुरू हो रही है और लगभग सभी तिथियों पर 80-90 फीसदी हॉल पहले ही बुक हैं। लेकिन जिस समय बुकिंग हुई थी, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि अंतरराष्ट्रीय हालात इस तरह स्थानीय आयोजनों को प्रभावित कर देंगे। अब स्थिति यह है कि घरेलू गैस तक मुश्किल से मिल रही है, तो बड़े आयोजनों का संचालन कैसे होगा यह बड़ा सवाल बन गया है। जिले में करीब 600 छोटे-बड़े मैरिज हॉल हैं, लेकिन शहर के करीब 200 हॉल में भट्ठी पर खाना बनाना संभव नहीं है। धुएं से हॉल की संरचना खराब हो सकती है और किसी भी हॉल में पीएनजी कनेक्शन नहीं है। ऐसे में विकल्प बेहद सीमित हो गए हैं।

**ऑर्डर निरस्त, आगे और रद्द होने की आशंका**

सीबीगंज के कैटरर सूरज गुप्ता ने बताया कि मार्च की तीन बुकिंग उन्हें कॉमर्शियल सिलिंडर न मिलने के कारण रद्द करनी पड़ीं। फिलहाल 15 मार्च के बाद की बुकिंग बरकरार हैं, लेकिन अगर हालात नहीं सुधरे तो उन्हें भी निरस्त करना पड़ सकता है। अब कैटरर्स ने साफ कर दिया है कि बुकिंग तभी होगी जब आयोजक खुद सिलिंडर की व्यवस्था करें। एलपीजी संकट का असर अब सीधे शादी-ब्याह के मेन्यू और आयोजन पर पड़ने लगा है। अगर हालात जल्द नहीं सुधरे तो या तो आयोजनों में मेहमानों की संख्या और मेन्यू घटाना पड़ेगा, या फिर शादियां टालनी पड़ सकती हैं। ऐसे में सहालग से पहले ही शहर में चिंता का माहौल बन गया है।

## छुटे हजयात्रियों का हुआ टीकाकरण

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** हज यात्रा 2026 में जाने वाले जिन हजयात्रियों का टीकाकरण किसी कारण टीकाकरण शिविरों नही पहुँच सके थे और रह गया थे जिससे उन हज यात्रियों को टीकाकरण में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ था उनकी समस्याओं को दूर करने के लिये हजयात्री स्पेशल वेक्सिनेशन कैम्प सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गंगापुरम जी एन सिटी रोड,मठ लक्ष्मीपुर, साईं धर्म कांटे के पास मिनी वाईपास रोड़ बरेली में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी के तत्वावधान में लगाया गया। आजमीन ए हज सहूलियत लिये शिविर लगा और हजयात्रियों ने लाभ लिया।बरेली हज सेवा समिति के संस्थापक पम्मी खाँ वारसी ने बताया कि यह अंतिम स्पेशल कैम्प था शिविर में टीकाकरण से रह गये हजयात्रियों ने शिविर में पहुँचकर लाभ लिया। हजयात्रियों की सहूलियत के लिये यात्रा में काम आने वाली जानकारी भी दी गई। डॉ सहबान अली ने बताया कि स्पेशल कैम्प 9 आजमीन ए हज टीकाकरण करवाकर मेडिकल बुक जारी की गई।जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विश्राम सिंह ने आदेश पर शिविर लगाया गया शिविर में डीआईओ डॉ प्रशांत रंजन,डॉ अजमेर सिंह,डॉ सहबान अली,सीमा आदि ने हज यात्रियों को सहूलियत दी। शिविर में हजयात्री शाहबाद सय्यद फैजान अली,ख्वाजा कुतुब से पैकर फातिमा,बहेड़ी से शकील अहमद,शमा,फरीदपुर से गुलामुद्दीन,जाहिद बेग,जमशेद,नाजुक,सलमा आदि हजयात्रियों ने शिविर का लाभ लिया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी इन्द्रसेन सरोज,राशिद हुसैन आदि हजयात्री को सहूलियत दी। इस मौके पर हाजी यासीन कुरैशी,हाजी सोहेल आफताब,हाजी सुहेल खान साबरी आदि शामिल रहे।

## 13 साल तक अधूरा रहा सपना अब होगा पूरा... 300 बेड अस्पताल बनेगा सुपर स्पेशियलिटी, कल निरीक्षण करेगी टीम, सोलर प्लांट से मिलेगी राहत

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** शहर के लंबे समय से अधर में लटके 300 बेड अस्पताल को आखिरकार नई जिंदगी मिलने जा रही है। पीपीपी मोड पर इसे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में संचालित करने की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। शुक्रवार को लखनऊ से शासन स्तर की टीम अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचेगी, जो यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संचालन की रूपरेखा तय करेगी।

लखनऊ से आने वाली टीम अस्पताल भवन, ओपीडी, लैब, उपकरणों और अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण करेगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के संचालन के लिए किन संसाधनों और स्टाफ की जरूरत होगी। निरीक्षण के बाद टीम अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। करीब 13 साल पहले 69 करोड़ रुपये की लागत से इस अस्पताल का निर्माण शुरू हुआ था। भवन तैयार होने के बावजूद अब तक मरीजों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल सका। फिलहाल यहां केवल सामान्य ओपीडी, आंख, दांत की सेवाएं, एंटी रेबीज क्लिनिक और सीटी स्कैन जैसी सीमित सुविधाएं ही संचालित हो रही हैं। भर्ती व्यवस्था न होने से मरीजों को अब भी जिला अस्पताल पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

**जिला अस्पताल का कम होगा दबाव**

अस्पताल के पूर्ण रूप से शुरू होने के बाद हजारों मरीजों को राहत मिलेगी और जिला अस्पताल पर बढ़ता दबाव भी कम होगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं शुरू होने से गंभीर बीमारियों का इलाज स्थानीय स्तर पर ही संभव हो सकेगा। अस्पताल में बिजली कटौती की समस्या को देखते हुए अब सोलर प्लांट लगाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (नेडा) द्वारा रेस्को मॉडल के तहत सौर ऊर्जा परियोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। बुधवार को अस्पताल में 450 सोलर प्लेट पहुंच चुकी हैं, जिन्हें जल्द स्थापित किया जाएगा।

**एक महीने में पूरी होगी सोलर व्यवस्था**

साइट इंजीनियर के अनुसार, सोलर इनवर्टर आने के बाद माउंटिंग स्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा और बैटरी, केबलिंग, अर्थिंग समेत सभी तकनीकी व्यवस्थाएं स्थापित की जाएंगी। पूरी प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगेगा। रेस्को मॉडल के तहत सारा खर्च निजी फर्म उठाएगी और 25 साल तक रखरखाव की जिम्मेदारी भी उसी की होगी। करीब एक साल पहले मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इस अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद से स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के मुताबिक, निरीक्षण के बाद अस्पताल संचालन को लेकर आगे की प्रक्रिया तेजी से पूरी की जाएगी।

## खुले नाले ने ली जान, 30 घंटे बाद मिला तौहीद का शव

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले में गिरे युवक की तलाश 30 घंटे बाद खत्म हुई। बुधवार देर रात करीब तीन बजे नाले में फंसा उसका शव बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान हरदोई निवासी तौहीद के रूप में हुई है। हादसे ने नगर निगम की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा, बचाने की कोशिश नाकाम**

मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे तौहीद बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वह खुले नाले में गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव में वह डूब गया। घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई, जिसके आधार पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

**30 घंटे तक चला ऑपरेशन, कई एजेंसियां जुटीं**

सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। रात 12 बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू अभियान बुधवार देर रात तक जारी रहा। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी लगाई गईं। भारी मशीनों की मदद से नाले का स्लैब तोड़ा गया और पानी निकाला गया, तब जाकर शव बरामद हो सका।

**जेब में मिले आधार कार्ड से हुई पहचान**

शव मिलने के बाद जेब में रखे आधार कार्ड से युवक की पहचान तौहीद पुत्र रईस, निवासी शाहाबाद देहात (हरदोई) के रूप में हुई। बताया गया कि वह रुद्रपुर की एक कंपनी में ड्राइवर था। सूचना पर परिजन बरेली पहुंचे, जिनकी मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

**नाले का स्लैब हटाकर भूल गया नगर निगम**

स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि सफाई के दौरान नाले का स्लैब हटाया गया था, लेकिन उसे दोबारा ढका नहीं गया। यही लापरवाही इस हादसे की वजह बनी। घटना के बाद नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।

**तीन नालों का चैंबर प्वाइंट, तेज बहाव बना जानलेवा**

जहां हादसा हुआ, वहां तीन बड़े नालों का चैंबर प्वाइंट है। करीब नौ फुट गहरे और चार फुट चौड़े इस नाले में पानी का बहाव बेहद तेज रहता है। ऐसे में गिरने वाले के बचने की संभावना बेहद कम हो जाती है।

**जाम से निपटने को बदला ट्रैफिक रूट**

रेस्क्यू के दौरान एक लेन बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। शाहजहांपुर की ओर से आने वाली बसों को दूसरी ओर रोका गया। पुलिस और ट्रैफिक टीम देर रात तक मौके पर डटी रही।

**भारी संसाधनों के बाद मिली सफलता**

रेस्क्यू में 80 से ज्यादा कर्मचारी, पांच जेसीबी, क्रेन, सक्शन पंप और स्लैब काटने की मशीनें लगाई गईं। घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार टीम को सफलता मिली, लेकिन तब तक एक जिंदगी खत्म हो चुकी थी।

**कार्रवाई की तैयारी, परिवार की तहरीर का इंतजार**

थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देंगे तो संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। हादसे ने शहर में खुले नालों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

## बच्चों की गीत-भजन प्रतियोगिता में सीनियर में छवि और जूनियर में हर्ष प्रथम रहे

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में गुरुवार को क्लब के कहरवान स्थित कार्यालय पर बच्चों की गीत-भजन प्रतियोगिता हुई जिसमें सीनियर में कु.छवि ने "मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे" की सुंदर प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर में हर्ष ने सम्पूर्ण हनुमान चालीसा का वाचन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सुहानी ने "तेरी मुरली की धुन सुनकर मैं बरसाने आई हू" की जोरदार प्रस्तुति देकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि हिमांशु को "हे राधारानी सुध ले हमारी हे श्यामा प्यारी" की मोहक प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान पर संतोष करना पड़ा ।इनके अतिरिक्त मंजीत,अतीक्षा, मानसी,माही,अनुष्का को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। पुरस्कार स्वरूप हार ,प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा, डा. सुरेश रस्तोगी, प्रकाश चंद्र सक्सेना,इन्द्र देव त्रिवेदी, अरुणा सिन्हा,जितेंद्र सक्सेना,निर्भय सक्सेना,मधुरिमा और सुमी ने बांटे। संचालन सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने किया। प्रतियोगिता में 40 से भी ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी को उनकी मन पसंद की चीजें भी खिलाई गईं और सभी को उपहार भेंट किये गए।

# मौत में शामिल होने गए युवक की हुई बाईक चोरी

## दिनदहाड़े बाईक चोरी होने से ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएँ

**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुरसानी।** थाना क्षेत्र एचौड़ा कंबोह के गांव ज्ञानपुर सिसौना में बृहस्पतिवार सुबह मौत में शामिल होने आए युवक की बाइक चोरी होने से हड़कंप मच गया। युवक ने बाईक को इधर उधर काफी ढूंढा लेकिन नहीं मिल पाई। थाना नखासा क्षेत्र के गांव ककरौआ मिलक निवासी कासिम ने थाना एचौड़ा कंबोह पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बृहस्पतिवार सुबह ज्ञानपुर सिसौना में एक परिचित के यहां हुई मौत में अपनी प्लेटिना बाईक से शामिल होने गया था। युवक ने गांव में पहुंचकर अपनी बाईक खड़ी कर दी। कुछ समय बाद जब युवक अपने घर को जाने के लिए बाईक ढूंढने पहुंचा तो मौके पर बाइक गायब मिली। बाईक नहीं मिलने पर युवक परेशान हो गया। काफी प्रयास करने के बाद भी बाईक का कहीं पता भी चल सका। दिन दहाड़े बाईक के चोरी होने से ग्रामीणों में तरह तरह की चचाएँ है। पीड़ित युवक ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बाईक बरामद करने की गुहार लगाई है।

# बदायूं में मजार के रास्ते पर बवाल, मजूर वाले बाबा की मजार की दीवार गिरी, दो गुटों में जमकर पथराव, कई लोग घायल

**दैनिक बुलंद मंज़िल / अजयपाल यादव**



**बदायूं :** सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव हिडोरा में मजार तक जाने वाले रास्ते और जमीन को लेकर पुरानी रंजिश ने मंगलवार देर शाम हिंसक रूप ले लिया, दो पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते छतों व गलियों से ईट पत्थर बरसने लगे, करीब आधे घंटे तक चले पथराव में कई लोग घायल हो गए, इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार, यह पूरा विवाद खजूर वाले बाबा की मजार के पास से गुजरने वाले रास्ते को लेकर था, वहीं इस झड़प के दौरान मजार की एक दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई, पुलिस का कहना है की पैमाइश के दौरान दीवार गिर गई, जबकि दूसरे पक्ष ने दीवार तोड़ने का आरोप लगाया, महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों पक्ष एक ही समुदाय,मुस्लिम, से हैं। जिससे मामला आपसी वर्चस्व और पुरानी रंजिश से जुड़ा बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें लोग छतों से पत्थर फेंकते और सड़क पर अफर तफरी का माहौल साफ दिख रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दबंगों ने पुलिस के सामने भी खुलेआम चुनौती दी और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। घटना की सूचना पर सहसवान पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया।

# हाथरस के गांव ऐहन में क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप शोभायात्रा कमेटी का किया भव्य स्वागत

## महाराणा प्रताप की वीरता धर्म जन प्रियता एवं देशभक्ति और बलिदान को याद कर उनके सिद्धांतों पर चलने का लिया संकल्प

**अनिल चौधरी, बुलंद मंजिल**





**हाथरस** में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने अपने कैम्प कार्यालय एहन में महाराणा प्रताप शोभायात्रा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल सिसोदिया एवं संयोजक संदीप सिसोदिया तथा समस्त सहसंयोजक का महासभा के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह ने पगड़ी पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर भव्य स्वागत सम्मान किया। साथ ही महाराणा प्रताप की वीरता धर्म जन प्रियता एवं देशभक्ति व बलिदान पर प्रकाश डाला उन्होंने वहां उपस्थित सभी क्षत्रिय बंधुओं को इनसे प्रेरणा लेने की अपील की वहीं क्षत्रिय एकता और समरसता के साथ शोभायात्रा 9 में 2026 को भव्य बनाने के लिए सहयोग की कामना की, कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सभी क्षत्रिय बंधुओं को भी पटका पहनाकर और तस्वीर देकर स्वागत किया गया। मेला अध्यक्ष अनिल सिसोदिया ने समारोह के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन और उनके संघर्ष पर भी प्रकाश डालते हुए बोले मेवाड़ के 13 वें राजा, महाराणा प्रताप केवल एक शासक नहीं, बल्कि स्वतंत्रता के प्रति अटूट प्रेम के प्रतीक थे। हल्दीघाटी का युद्ध यह इतिहास का वह युद्ध था जहाँ महाराणा प्रताप ने अकबर की विशाल सेना का सामना अपनी सीमित सैन्य शक्ति के साथ किया था। उन्होंने महलों का त्याग कर घास की रोटियाँ खाना स्वीकार किया, लेकिन कभी विदेशी अधीनता स्वीकार नहीं की। उन्होंने शपथ ली थी कि जब तक मेवाड़ स्वतंत्र नहीं होगा, वे बिस्तर पर नहीं सोएंगे और पत्तलों पर भोजन करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय सचिव मतेंद्र सिंह गहलोत, प्रदेश सचिव योगेंद्र गहलोत, प्रदेशध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, भीकम सिंह चौहान, एडवोकेट मनोज प्रधान, हरीश सेंगर, अमित पौरुष, नवीन प्रताप सिंह, मोहित चौहान, नितिन शेखावत, देवेंद्र तोमर, विकाश पौरुष, उदय राणा, राहुल सिंह, सोनू ठाकुर, रजत ठाकुर, छोटू राणा, हरेंद्र सिंह, अशोक कुमार, राजेंद्र सिंह, सुखवीर सिंह, बृजमोहन मदनावत, संजय कुमार, पीयूष सिंह, संदीप सिसोदिया, सतेंद्र सिसोदिया, गौरव ठाकुर, मोना ठाकुर, प्रशांत सिसोदिया, शैलेंद्र चौहान, मदन बाबा, पवन गहलोत उपस्थित रहे।

# Mission Shakti 5.0: Awareness Campaign Launched in Sambhal for Women's Safety and Empowerment.

**Buland Manzil Correspondent.**





Sambhal: Under the second phase of Mission Shakti 5.0, an initiative launched by the Government of Uttar Pradesh to promote the safety, dignity, and self-reliance of women and girls, a community outreach program (Chaupal) and awareness campaign were conducted in Rasulpur Sarai village under the jurisdiction of Nakhasa Police Station in Sambhal district.

The campaign was organized under the direction of Superintendent of Police Krishna Kumar, with active participation from Anti-Romeo squads and female police personnel across the region.

Led by Superintendent of Police Krishna Kumar Bishnoi and Additional Superintendent of Police (North) Kuldeep , several Chaupals (community interaction sessions) were held to raise awareness among women and girls about their rights and safety measures.

During these sessions:

Female police personnel visited both rural and urban areas.

They listened to women's grievances and assured prompt resolution.

Awareness drives were conducted at markets, intersections, schools, colleges, and religious places.

Pamphlets were distributed to spread awareness about important helpline numbers, including:

. Women Power Line – 1090
. Police Emergency – 112
. CM Helpline – 1076
Ambulance Service – 108
. Health Service – 102
. Women's Helpline – 181
. Cyber Crime Helpline – 1930

Additionally, live demonstrations were conducted to educate women on:

Using the Panic Button on mobile phones

Making emergency calls effectively

Women Sub-Inspector Rakhi Singh , along with female constables Shaili, Neetu, and others, actively participated in the campaign.

# एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा का कड़ा एक्शन — डिब्बों में तेल बिक्री पर सख्त रोक, व्यवस्था पर पैनी नजर

## अफवाह बनाम हकीकतः शंकरगढ़ में पेट्रोल-डीजल पर्याप्त, लेकिन फुल टंकी की होड़ ने बढ़ाई हलचल





**शंकरगढ़,प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में पेट्रोल और डीजल की स्थिति पूरी तरह सामान्य बताई जा रही है, लेकिन जमीनी हालात कुछ और संकेत दे रहे हैं। शिवराजपुर यादव फिलिंग स्टेशन के मैनेजर ने साफ किया कि आपूर्ति में कोई कमी नहीं है, फिर भी लोगों के मन में एक अजीब सा डर बैठ गया है। यही वजह है कि जहां पहले लोग एक-एक लीटर तेल भरवाने में सोचते थे, वहीं अब वाहन चालकों की भीड़ टंकियां फुल कराने में जुटी है। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा खुद मौके पर पहुंचे और सभी फिलिंग स्टेशन संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए। साफ कहा गया है कि किसी भी हाल में डिब्बों में पेट्रोल-डीजल की बिक्री नहीं होगी। यह कदम संभावित जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। हालांकि प्रशासन हर पंप और गैस एजेंसी पर स्थायी रूप से अफसर तैनात नहीं कर सकता, लेकिन हालात को नियंत्रण में रखना भी उतना ही जरूरी है। इस बीच सबसे बड़ा सवाल जिम्मेदारी का खड़ा हो रहा है। ऐसे संवेदनशील समय में सत्ता पक्ष की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को सिर्फ बयानबाजी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें खुद मैदान में उतरकर पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर मौजूद रहना होगा। जनता के बीच जाकर भरोसा कायम करना, अफवाहों को वहीं दबाना और किसी भी तरह के विवाद को पनपने से रोकना—यही असली नेतृत्व की परीक्षा है। जब जमीनी स्तर पर विश्वास डगमगाने लगता है, तब नेतृत्व को खुद मोर्चा संभालना पड़ता है। और जब भारतीय जनता पार्टी खुद को देश का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बताती है, तो यह वही वक्त है जब उसे अपने मजबूत संगठन और कार्यकताओं की ताकत को धरातल पर उतारना होगा—ताकि व्यवस्था भी बनी रहे और जनता का भरोसा भी अडिग रहे।

# डिजिटल दावों की हकीकतः डिलीवरी सफल का संदेश, पर सिलेंडर गायब

## उज्ज्वला योजना पर सवालः बुकिंग के बाद भी बुझी रसोई, नियमों के जाल में फंसे गरीब



**लालापुर,प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र की बारा तहसील अंतर्गत लालापुर में सरकारी दावों और जमीनी सच्चाई के बीच गहरी खाई साफ नजर आ रही है। एक ओर सरकार डिजिटल इंडिया और उज्ज्वला योजना के जरिए हर घर तक रसोई गैस पहुंचाने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्रामीण गैस सिलेंडर की भारी किल्लत, वितरण व्यवस्था की लापरवाही और कथित मनमानी से जूझने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी नजर नहीं आ रहा। लालापुर निवासी सुरेंद्र द्विवेदी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गैस बुक करने के बाद मोबाइल पर डिलीवरी सफल का संदेश तो आ जाता है, लेकिन हकीकत में सिलेंडर उनके घर तक नहीं पहुंचता। यह पूरा खेल तकनीकी गड़बड़ी है या किसी स्तर पर मिलीभगत—यह ग्रामीणों की समझ से बाहर है, लेकिन इसका खामियाजा सीधे उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। जब परेशान उपभोक्ता गैस एजेंसी या वितरक के पास शिकायत लेकर पहुंचते हैं, तो उन्हें हर बार नया बहाना थमा दिया जाता है। कभी केवाईसी अपडेट कराने का हवाला दिया जाता है, तो कभी किसी नए नियम का डर दिखाकर वापस लौटा दिया जाता है। उपभोक्ताओं का कहना है कि नियमों की यह उलझन अब उनके लिए मुसीबत बन चुकी है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वितरण प्रणाली में पारदर्शिता की भारी कमी है और सांठगांठ के चलते जरूरतमंद लोगों को समय पर गैस उपलब्ध नहीं कराई जा रही। हालत यह हो गई है कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थी एक बार फिर पुराने दौर में लौटने को मजबूर हैं—जहां चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी और उपलों का सहारा लेना पड़ रहा है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं का दर्द साफ झलकता है। उनका कहना है कि वे गैस बुक करते हैं, पैसे की व्यवस्था करते हैं, लेकिन सिलेंडर के लिए कई- कई सप्ताह तक इंतजार करना पड़ता है। ऊपर से हर दूसरे दिन नया नियम बताकर उन्हें भटकाया जाता है। अब सवाल यह उठता है कि जब कागजों में डिलीवरी सफल दिखाई जा रही है, तो आखिर गैस सिलेंडर कहां जा रहा है? क्या यह सिर्फ तकनीकी खामी है या फिर व्यवस्था के भीतर कोई बड़ा खेल चल रहा है? लालापुर के ग्रामीणों की बुझी रसोई और बढ़ती नाराजगी अब जिम्मेदारों से जवाब मांग रही है।

# महिला को बहला फुसलाकर कर ले जाने का आरोप

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में शिकायत पत्र देकर बताया है कि उसकी 30 वर्षीय पत्नि को थाना क्षेत्र का एक युवक बहला फुसलाकर ले गया है। आरोप है कि घर में रखी नगदी व सोने चांदी के आभूषण भी साथ ले गई। पीड़ित ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# मारपीट के मामले में सात पर केस दर्ज

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**पटवाई** थाना क्षेत्र के सूपा गांव निवासी रीता पास में ही रहने वाले पड़ोसियों के साथ हुई मारपीट की शिकायत करने थाने गई थीं। जिसके बाद मौके पर आई पुलिस ने मामले को शांत करा दिया था। पुलिस के जाने के बाद आरोपी शिकायत करने पर गुस्सा हो गए और गाली-गलौच करने लगे। विरोध करने पर महिला और उसके पति के साथ मारपीट कर दी। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर शिव सिंह,भानू प्रताप,मोहन सिंह,निरेंद्र सिंह,विरेंद्र सिंह,बंटी और विक्की के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**पटवाई** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बा चौराहे पर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी का चालान कर उसे न्यायालय पेश किया । थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में शिकायत कर बताया कि उसकी पुत्री को एक युवक के बहला फुसलाकर ले गया । जिसमें पुलिस केस दर्ज लिया था वहीं गुरुवार को आरोपी पकड़कर न्यायालय पेश किया।

# पैसों के चक्कर में बिल में हेरा फेरी का आरोप

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**पटवाई** थाना क्षेत्र के जीवाई कदीम गांव निवासी प्रेमबाबू ने उपखण्ड अधिकारी दुर्गनगला को शिकायत पत्र दिया है। जिसमें बताया कि उनका लाईट कनेक्शन कॉमर्शियल है। आरोप है उनके यहां पर बिल निकालने वाला कर्मचारी हेरा फेरी कर देता है और बाद में कहता है कुछ पैसे देदो अगले महीने सही कर दूंगा।

# घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**पटवाई** थाना क्षेत्र के सोहना गांव निवासी मनोहर सिंह थाने में शिकायत पत्र देकर बताया है कि 23 मार्च को उनके गांव की दो व्यक्ति ट्रांसफार्मर पर डंडा मार रहे थे जब उसने मना किया तो उसके घर में आकर मीटर की केविल में डंडा मार जिससे उसकी दुकान में रखा करीब दो लाख का इलेक्ट्रॉनिक सामान और ड्रोन कैमरा जल गया। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# शाहबाद में हुआ शुरू मकानों की जनगणना का कार्य



**दैनिक बुलन्द मंज़िल/विनोद गुप्ता**

**शाहबाद रामपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत शाहबाद में मकानों की जनगणना का कार्य हुआ। नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मकानों की जनगणना की जा रही है। मोहल्ला कानून गोयान के वार्ड नंबर 10 में सैयद फिरोज अली और रजी मियां द्वारा जनगणना की गई। बृहस्पतिवार के दिन लगभग डेढ़ सौ मकानों की जनगणना हुई वहीं एक दिन पूर्व बुधवार में भी लगभग डेढ़ सौ मकान की जनगणना की गई। अन्य वार्डों में भी नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा मकानों की जनगणना का कार्य तेजी से चल रहा है।

# आवारा पशुओं से बढ़ रहे हादसे, सड़कों पर घूम रहे सैकड़ों जानवर

**कोराँव प्रयागराज।** ब्लॉक कोरांव क्षेत्र में इन दिनों आवारा पशुओं की समस्या विकराल रूप लेती जा रही है। सड़कों पर झुंड के रूप में घूम रहे सैकड़ों पशु न केवल यातायात में बाधा बन रहे हैं, बल्कि आए दिन सड़क हादसों का कारण भी बनते जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने या आपस में लड़ने से बाइक सवार और राहगीर अक्सर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, कई मामलों में लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि कुछ घटनाओं में जान भी जा चुकी है। इसके साथ ही आवारा पशु किसानों की मेहनत पर भी पानी फेर रहे हैं। खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। सरकार द्वारा आवारा पशुओं की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में गौशालाओं का निर्माण कराया गया है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गौशालाएं सिर्फ कागजों और दिखावे तक सीमित रह गई हैं। जब ग्रामीण आवारा पशुओं को गौशाला में ले जाने का प्रयास करते हैं, तो जिम्मेदारों द्वारा जगह पूरी होने का हवाला देकर पशुओं को रखने से मना कर दिया जाता है। ऐसे में मजबूर होकर पशु फिर से सड़कों और बाजारों में घूमते नजर आते हैं। खासकर बाजार और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जहां हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस गंभीर समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

# Mrunal Thakur turns Marathi coach for Adivi Sesh, recreates 'Ashi Hi Banva Banvi magic'



Bollywood actress Mrunal Thakur tapped into her Marathi roots recently and was seen teaching her 'Dacoit' co-star Adivi Sesh a few Marathi words, along with getting him to mimic iconic dialogues and songs from Marathi cinema.

In a video shared by Mrunal on her social media account, the actress is seen turning the camera towards Adivi Sesh as she gives him a quick Marathi lesson.

She is seem teaching him words like "kay re tu?", "chomdi", and "ikde ye," while he attempts to repeat them.

Taking it a step further, she asks him to recreate the title track of the Marathi cult classic 'Ashi Hi Banwa Banwi'.

She also gets him to say the famous dialogue, "Aacharya chi baayko vedi kaay," originally delivered by veteran actor Ashok Saraf in the film.

The fun interaction appears to be from the sets of their upcoming project Dacoit, where the two actors are currently shooting together.

Mrunal, who hails from Maharashtra and has often spoken about her love for Marathi culture, is originally from Dhule and belongs to a Maharashtrian family.

Talking about the movie, Ashi Hi Banwa Banwi, released in 1988, remains one of the most loved Marathi comedies.

It starred legendary actors like Ashok Saraf, Laxmikant Berde, Sachin Pilgaonkar, and Siddharth Ray, along with Supriya Pilgaonkar and Nivedita Saraf.

Even decades after its release, the film continues to be regarded as a cult classic in Marathi cinema for its humour and impeccable performances.

Talking about Mrunal and Adivi Seshadri, from on-screen romance to off-screen masti, the Dacoit stars seem to be having a blast.

Talking about the movie Dacoit, it marks Shaneil Deo's directorial debut. This ambitious project is produced by Supriya Yarlagadda, co-produced by Suniel Narang, and presented by Annapurna Studios, has been shot simultaneously in Hindi and Telugu. The film's story and screenplay have been jointly crafted by Adivi Sesh and Shaneil Deo. Dacoit is gearing up for a grand pan-India theatrical release for 10th of April 2026.

# Neha Dhupia skips Traitors 2, chooses 'Double Date'

Actress Neha Dhupia has debunked all rumours about her starring in the reality show "Traitor 2" and cryptically shared that she is busy with a different project titled "Double Date."

Taking to her Instagram stories section, Neha shared a cryptic yet humorous post that read: "Neither am I a 'traitor' nor am I an 'innocent'. I'm just too busy going on #DOUBLEDATE. Coming soon."

Over the past few days, Neha along with Angad Bedi has been spotted with celebrity pairs including Tejasswi Prakash and Karan Kundrra and; Rakul Preet Singh and Jackky Bhagnani, among others all of whom intriguingly mentioned being on a "double date."

A source close to the development shared, "Neha's post is a smart and lighthearted way of addressing the rumours while building intrigue around something she's been working on."

The source added: "The 'double date' hint is not random there's been a pattern in her recent appearances with celebrity couples. It's her style of making an announcement without giving away too much, and it has definitely got people talking."

On the work front, she was recently seen in the series 'Single Papa' on Netflix. The show also stars Manoj Pahwa, Kunal Kemmu, Dayanand Shetty, Prajakta Koli, Neha Dhupia, and Ayesha Raza Mishra.

The series follows Gaurav Gehlot, a lovable man-child whose emotional age can best be described as "work in progress."

His sudden decision to adopt a baby right after his divorce leaves his family so shocked that they briefly consider rebooting him. What follows is unprecedented kalesh as the Gehlots scramble to understand how a man who still misplaces his socks plans to raise a whole human.

The show has been renewed for a second season.



# Ekta Kapoor tries to decode Gen Z slang, says 'Bhagwan bachaye'



Producer and TV czarina Ekta Kapoor was seen trying to understand and decode Gen Z slang in a fun and candid interaction, that further left her amused and slightly confused.

In a video shared by the producer on her social media account, Ekta is seen reacting to terms like "aura farming," "sigma male," and "Skibidi," as she attempts to decode what the younger generation means.

When told that "aura farming" refers to trying to act smart and cool to boost one's social image, Ekta quickly responded, calling it "naatak" and agreed that it is essentially about "trying to be cool."

Reacting further, she joked, "Bhagwan bachaye," as she went onto learn more such terms being explained.

The conversation also highlighted how such trends are increasingly visible in today's world and especially on social media, with Ekta humorously agreeing that "every third person" today seems to be indulging in this kind of behaviour.

The producer further went onto learn a few more slang terms like "sigma male" and "Skibidi."

Throughout the learning process, Ekta appeared both entertained and puzzled.

On the professional front, Ekta Kapoor is currently geared up for her upcoming movie Bhoot Bangla.

The movie marks the reunion of stalwart director Priyadarshan and Bollywood superstar Akshay Kumar after many years.

The movie also stars Rajpal Yadav, Paresh Rawal, Tabu, Wamiqa Gabbi and late veteran star Asrani.

It is slated to release on the 10th of April.

Ekta Kapoor has in the past produced many TV shows as well.

From Kyunki Saas Bhi Kabhi Bahu Thi, Kahaani Ghar Ghar Ki, Kahin Kissi Roz to Kasauti Zindagi Ki, Pavitra Rishta, Yeh Hai Mohabbatein and many more, Ekta has been the woman behind these succesful shows.

# Alia Bhatt says recent weeks tough due to ADHD








Bollywood superstar Alia Bhatt shared that the last few weeks have been "a bit challenging" as she struggled to stay focused due to ADHD.

"The last few weeks have been a bit challenging getting into my days with focus (hello ADHD) but this morning was just everything," Alia wrote, as she expressed gratitude and love for a special birthday surprise planned by her close friends.

The actress took to her social media account to thank her friends for organising a fun padel session as part of her post birthday celebrations.

Sharing pictures from the outing, she also wrote, "birthday celebrations continue with the best best mamas/ladies playing a lot of padel"

She continued, "The last few weeks have been a bit challenging getting into my days with focus (hello ADHD) but this morning was just everything also there's just something about women showing up for you (and playing 2 hours of padel because you reaaallllyyy wanted to!!)" she added.

For the uninitiated, Alia has earlier spoken about her ADHD challenges, and has acknowledged that staying focused can sometimes be difficult, especially with a demanding work schedule, whilst balancing work, personal life and self care.

The actress, over the years, has also been extremely vocal about mental health within her family. Her sister Shaheen Bhatt has always openly spoken about battling depression and suicidal thoughts in the past, after which both sisters advocated awareness and resilience.

On the professional front, Alia Bhatt continues to rule the roost with her choice of projects. From Highway to Dear Zindagi and Gangubai Kathiawadi, Alia has proven her acting prowess with each movie.

# Ranveer Singh croons 'Aari Aari Aari' alongside OG hitmakers Bombay Rockers



Bollywood livewire star Ranveer Singh joined the original creator of the iconic track 'Aari Aari Aari', bringing together nostalgia and electrifying energy as the song gets a revamped yet chilling spin in the latest blockbuster Dhurandhar: The Revenge, directed by Aditya Dhar. Originally sung by Bombay Rockers, 'Ari Ari Ari' has been reimagined for a new generation, with its revamped version now featuring in the film Dhurandhar: The Revenge starring Ranveer Singh, R. Madhavan, Sanjay Dutt, Sara Arjun, Gaurav Gera, Rakesh Bedi and Danish Pandor.

A video of Ranveer crooning the number with Bombay Rockers' Navtej Singh Rehal was shared on the band's official Instagram account. In the video, the two are seen singing the hook line of the track.

For the caption, Bombay Rockers wrote: "AARI AARI AARI with DHURANDHAR."

Talking about Bombay Rockers, in 2003, Danish-Indian singer Navtej Singh Rehal was introduced to the production duo known as WCA, consisting of Thomas Sardorf and Janus Barnewitz.

They jammed together and eventually formed the band Bombay Rockers, with Navtej providing Punjabi and Hindi vocals and Sardorf singing in English. Barnewitz worked with the duo on production as well as initially managing the band. Their first collaboration, "Ari Ari", got significant airplay in Denmark. In July 2003, Bombay Rockers went onstage with the EDM duo Filur at Roskilde Festival, in front of roughly 25,000 people.

"Sexy Mama", released in late 2003, was the first single from their debut album.The trio's next single, "Rock tha Party", became another major radio hit. It was featured in the 2016 action film Rocky Handsome. Introducing came out in 2005.

The group's second album, Crash and Burn, was released in 2007. Their third, Rock and Dhol, came out in 2011. It received positive reviews, and the singles "Lets Dance", "Nava Nava", and "Ishq" proved popular not only in Denmark but also in India and Pakistan.

Meanwhile, "Dhurandhar" is the first instalment of a duology released in 2025. The film stars Ranveer Singh, Akshaye Khanna, Sanjay Dutt, R. Madhavan, and Arjun Rampal.

It centres on a high-stakes covert counter-terrorism operation. The film follows an undercover Indian intelligence agent who infiltrates Karachi's criminal syndicates and political power structures in Pakistan in an effort to dismantle a terror network targeting India.

# अकरौली में धूमधाम से मनाई अशोक सम्राट की जयंती

## अशोक सम्राट ने अपनी प्रजा को अपनी संतान माना - प्रेम प्रकाश मौर्य एड.




**दैनिक बुलंद मंजिल / ब्यूरो चीफ विनय कुमार राठौर**

**चन्दौसी।** गुरुवार को तहसील के गांव अकरौली में मौर्य समाज के लोगों ने अशोक सम्राट की जयंती धूमधाम से मनाई। जिसमें अकरौली के पूर्व प्रधान राजेंद्र मौर्य ने आक्रोश अशोक सम्राट के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया की सम्राट अशोक मौर्य वंश के एक अत्यंत शक्तिशाली, दूरदर्शी और कलिंग युद्ध (261 ईसा पूर्व) के बाद एक शांतिप्रिय शासक थे। वे क्रूर 'चंडाशोक' से 'धमाशोक' बने, जिन्होंने बौद्ध धर्म अपनाकर अहिंसा, जनकल्याण और धम्म का प्रसार किया। उन्होंने अखंड भारत पर शासन किया और सड़कों, अस्पतालों व धर्मशालाओं का निर्माण कराया।वही प्रेम प्रकाश मौर्य एड.ने वताया की अशोक सम्राट ने अपनी प्रजा को अपनी संतान माना। उन्होंने सड़कों के किनारे पेड़ लगवाए, कुएं खुदवाए, और मनुष्यों व पशुओं के लिए चिकित्सालय बनवाए। अशोक ने बौद्ध धर्म अपनाया लेकिन सभी धर्मों का सम्मान किया। उनके शिलालेख 12वें में धार्मिक सहिष्णुता और वाक-संयम का उल्लेख है। हरगोविंद मौर्य ने कहा की वे एक चक्रवर्ती सम्राट थे, जिन्होंने भारत के बड़े भूभाग (अफगानिस्तान से कर्नाटक तक) पर कुशल प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित की।

इस दौरान राजेन्द्र सिंह मौर्य, नंदकिशोर दिवाकर प्रधान जी ,एडवोकेट प्रेमप्रकाश मौर्य, हरगोविंद मौर्य अध्यापक,दिनेश मौर्य, वीरेश मौर्य,अरविंद मौर्य,डालचंद मौर्य,रामप्रकाश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# दिल्ली में एनकाउंटर के बाद वांटेड लुटेरा गिरफ्तार, इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी गोली - बड़ा अपराध टला




**दैनिक बुलंद मंज़िल दिल्ली से संवाददाता अयूब खान**

दिल्ली के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां स्पेशल स्टाफ की टीम ने बहादुरी दिखाते हुए एक खतरनाक और वांटेड लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान अजय उर्फ कालिया के रूप में हुई है, जो शास्त्री पार्क इलाके में करीब 85 लाख रुपये की बड़ी लूट के मामले में वांटेड चल रहा था।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी 23 और 24 मार्च की रात को आईपी एस्टेट स्थित रोज गार्डन सर्विस रोड के पास अपने साथियों से मिलने आने वाला है और किसी बड़ी वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही स्पेशल स्टाफ की टीम ने मौके पर घेराबंदी की। रात करीब 12 बजकर 22 मिनट पर जैसे ही आरोपी स्कूटी पर वहां पहुंचा, पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन उसने भागने की कोशिश की और अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

इस दौरान आरोपी ने लगातार चार राउंड फायर किए, जिसमें एक गोली इंस्पेक्टर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर आकर लगी।

पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी के पैर में गोली मार दी, जिसके बाद उसे काबू कर लिया गया। घायल आरोपी को तुरंत इलाज के लिए एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पुलिस की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है।

मौके से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, जिंदा कारतूस, खोखे, चोरी की स्कूटी और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी दिल्ली ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी कई लूट, हत्या और आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है।

फिलहाल आईपी एस्टेट थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

# मिशन शक्ति अंधेरे रास्तों पर खिली सुरक्षा की रोशनी, पुलिस ने जन सहयोग से लगवाई स्ट्रीट लाइटें

## फैजगंज बेहटा क्षेत्र के सुरेनी पापड़ी मार्ग पर सुरक्षा चाक-चौबंद रामनवमी के मद्देनजर पुलिस ने किया पैदल गश्त।




**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बिसौली :** महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराते हुए 'मिशन शक्ति' टीम ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को नया आयाम दिया है। थाना फैजगंज बेहटा के सुरेनी पापड़ी से फैजगंज बेहटा जाने वाले कच्चे मार्ग पर, जहां अंधेरे के कारण महिलाओं को आवागमन में असुरक्षा महसूस होती थी, वहां टीम ने जन सहयोग के माध्यम से ब्रह्मदेव मंदिर मार्ग पर तीन स्ट्रीट लाइटें लगवाईं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस ने न केवल बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया, बल्कि बाजार में भी सक्रियता बढ़ाई। एंटी रोमियो टीम ने सुरेनी पापड़ी बाजार में बेवजह घूम रहे युवकों की चेकिंग की और उन्हें सख्त चेतावनी दी रामनवमी के मद्देनजर मुरादाबाद-फरुर्खाबाद राजमार्ग ओरछी चौराहे पर मिशन शक्ति टीम ने पैदल गश्त की। एसआई सुनील कुमार बिश्नोई के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी पंपलेट बांटे और उन्हें सरकारी योजनाओं व टोल-फ्री नंबरों के प्रति जागरूक किया। ऑनलाइन माध्यमों से भी डिजिटल पंपलेट साझा किए गए। एसआई सुनील कुमार बिश्नोई, विनीत सिंह, राहुल सिंह, अंजली शर्मा और पीआरडी प्रवेश कुमारी शामिल रहीं।

# पुलिस बनी देवदूत जंगल में भटकी मासूम को सुरक्षित निकाला!



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**ओरछी :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ओरछी चौराहे पर तैनात पुलिस पिकेट ने बृहस्पतिवार को तत्परता दिखाते हुए एक बड़ा हादसा होने से टाल दिया। खेलते समय जंगल की ओर गई एक मासूम बच्ची को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खोज निकाला और उसके परिजनों के सुपुर्द किया। बच्ची को सुरक्षित देख माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े ग्राम बेहटा गोसाईं निवासी अशोक कुमार परमानंदपुर स्थित एक मोटरसाइकिल एजेंसी पर कार्य करते हैं। बृहस्पतिवार शाम उनकी पुत्री रीता खेलते-खेलते अचानक लापता हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन जब बच्ची का कहीं सुराग नहीं लगा तो वे बदहवास होकर गांव में पूछताछ करने लगे। किसी अनहोनी की आशंका से ग्रामीण और परिजन बुरी तरह घबराए हुए थे सूचना मिलते ही ओरछी चौराहे पर तैनात एसआई बिजेंद्र सिंह और पुलिसकर्मी नीरज शर्मा तुरंत बिना समय गंवाए पुलिस टीम ने इस्लामनगर मार्ग से सटे घने जंगलों की ओर रुख किया। काफी देर तक खेतों और झाड़ियों में सर्च किया खोजबीन करते रहे बाद में पुलिस ने बच्ची को सकुशल ढूंढ लिया ?बच्ची के पिता अशोक ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई की वजह से ही उनकी बेटी आज उनके पास है। उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संकट की घड़ी में पुलिस ने जिस तरह मदद की, वह सराहनीय है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी पुलिसकर्मियों के इस मानवीय चेहरे और मुस्तैदी की जमकर प्रशंसा की है।

# विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का हिस्सा बने सांसद आदित्य सपा के कई गणमान्य नेता रहे मौजूद



**बुलंद मंज़िल**

**गुन्नौर**/चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सपा सांसद आदित्य यादव ने विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाई। उन्होंने मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति विकास की कामना की, साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर जनसमस्याओं को भी सुना।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः बदायूं स्थित मां काली नगला मंदिर से हुई, जहां सांसद आदित्य यादव ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं हवन किया। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इसके बाद विधानसभा बिल्सी के अंबियापुर चौराहे पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद ने सम्राट अशोक महान की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक इतिहास के ऐसे महान शासक थे, जिन्होंने अहिंसा, धर्म, न्याय और मानवता के मूल्यों को पूरे विश्व में स्थापित किया। उन्होंने कलिंग युद्ध के बाद शांति और बौद्ध धर्म के मार्ग को अपनाकर समाज को एक नई दिशा दी। अशोक का शासन सुशासन, जनकल्याण और नैतिक मूल्यों का प्रतीक रहा, जिससे आज भी प्रेरणा ली जाती है।सांसद ने गुन्नौर क्षेत्र के कादराबाद मां काली मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ग्राम सिहोरा पहुंचे, जहां श्री समाधि बाबा आश्रम सिहोरा मढ़ी में आयोजित भव्य नवरात्रि मेले में उन्होंने सहभागिता की मेले का भ्रमण कर विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का अवलोकन किया और स्थानीय परंपराओं की सराहना की। इस दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सांसद आदित्य यादव ने कहा कि नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, जो समाज में सकारात्मकता, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधियों की इन आयोजनों में सहभागिता से जनता और नेतृत्व के बीच संवाद मजबूत होता है, जिससे क्षेत्रीय विकास कार्यों को गति मिलती है।बोधित करते हुए उन्होंने नवरात्रि का पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रतीक है, ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस मौके पर राम खिलाड़ी यादव विधायक गुन्नौर, पूर्व विधायक प्रेमपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक हाजी बिट्टन, पूर्व विधायक राजेश यादव, पूर्व विधायक आर के शर्मा, लड्डन मियां, ओमवीर सिंह, इंदु सक्सेना, के पी राठौर, शिवम राठौर, सुनील यादव सुनीता पाल, कैप्टन सर्वेश यादव, अतुल पटेल, अखिलेश यादव, अमित यादव, रजत यादव, शशांक यादव, विजय यादव, कविंद्र के पी यादव शाक्य, देवेंद्र गौतम, रईस अहमद भानु यादव, सोमेंद्र यादव, नजर प्रधान अलका यादव, मनवीर शाक्य, भावेश यादव, नवीत यादव, सहित प्रमुख लोग उपस्थित रहे

# आईवीआरआई ने रच दिया इतिहास बरेली की लैब में टेस्ट ट्यूब से एक साथ जन्मे 5 बछड़े

**दैनिक बुलन्द मंज़िल**

**बरेली।** देसी नस्ल सुधार की दौड़ में बरेली ने बड़ा दांव खेल दिया है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने टेस्ट ट्यूब तकनीक से एक साथ चार बछड़े और एक बछिया का जन्म कराकर पशुपालन क्षेत्र में नई लकीर खींच दी है। सात महीने की मेहनत के बाद मिली इस कामयाबी ने वैज्ञानिकों का कद और बढ़ा दिया है। यह पूरा कारनामा ओवम पिकअप (ओपीयू) और इन विट्रो फटीर्लाइजेशन तकनीक से हुआ। अल्ट्रासाउंड के जरिए अंडाणु निकाले गए, लैब में भ्रूण तैयार किया गया और फिर उसे दूसरी गाय-भैंस में प्रत्यारोपित किया गया। नतीजा–एक नहीं, पांच-पांच स्वस्थ जन्म।

**बृजेश कुमार की टीम ने कर दिखाया कमाल**

डॉ. बृजेश कुमार की अगुवाई में वैज्ञानिकों की टीम ने इस प्रोजेक्ट को अंजाम दिया। इसमें डॉ. विक्रांत सिंह चौहान, डॉ. विकास चंद्र, डॉ. एमके पात्रा समेत कई विशेषज्ञ शामिल रहे। संस्थान के बड़े अधिकारियों ने भी इस उपलब्धि को बड़ी सफलता बताया है। पहला बछड़ा 28 फरवरी को साहीवाल गाय ह्यगौरीह्न से जन्मा। इसके बाद मार्च में लगातार चार और जन्म हुए। हर जन्म के साथ वैज्ञानिकों का भरोसा और मजबूत होता गया।

**देसी नस्ल का दम, दूध उत्पादन पर नजर**

वैज्ञानिकों ने हाई क्वालिटी जर्मप्लाज्म चुना। दाता गाय रोज 12 लीटर से ज्यादा दूध देती थी, जबकि इस्तेमाल किए गए सांड की नस्ल भी उच्च उत्पादन वाली रही। साफ है–टारगेट है ज्यादा दूध, बेहतर नस्ल और किसानों की कमाई। जहां सामान्य तरीके से एक साल में एक ही बछड़ा मिलता है, वहीं इस तकनीक से एक गाय से 20 और भैंस से करीब 10 उन्नत नस्ल के पशु पैदा किए जा सकते हैं। यानी एक झटके में पशुधन उत्पादन कई गुना बढ़ाने की तैयारी।

**किसानों के लिए सीधा फायदा, जेब होगी भारी**

अब किसान अपनी अच्छी नस्ल के पशु का भ्रूण लैब में तैयार करवा सकेंगे और उसे दूसरी गाय-भैंस में डलवा सकेंगे। इससे बेहतर नस्ल तेजी से बढ़ेगी और दूध उत्पादन में बड़ा उछाल आएगा। आईवीआरआई पहले भी एंब्रियो ट्रांसफर तकनीक से 30 बछड़ों का जन्म करा चुका है। लेकिन नई तकनीक ज्यादा असरदार और किफायती साबित हो रही है। साफ है–बरेली अब देसी नस्ल सुधार की लैब बनता जा रहा है।

# जाहरवीर की समाधि के पास भरा गंदा पानी

## पूजा स्थल के पास गंदा पानी भरे होने से ग्रामीणों में रोष।



**दैनिक बुलंद मंज़िल**

**बीरेंद्र सिंह/सिंहपुरसानी।** संभल ब्लॉक के गांव बढ़ताजुद्दीन में जाहरवीर की समाधि स्थल के पास गंदा पानी भरे होने पर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के बाहर जाहरवीर की समाधि बनी हुई है जिस पर हिन्दू समाज के लोग पूजा अर्चना करते हैं लेकिन गांव के गंदे पानी के समुचित निकास की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी समाधि स्थल के पास भरा हुआ है। जब हिन्दू समाज के लोग पूजा अर्चना करने जाते हैं तो उन्हें इस गंदगी का सामना करना पड़ता है। गंदा पानी भरा होने से बदबू और मच्छर हो रहे हैं। गांव निवासी जोगेंद्र सिंह ने बताया कि समाधि स्थल के पास गंदे पानी भरे होने की शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही और गंदा पानी काफी समय से भरा हुआ है। ग्रामीण सोनू ने बताया कि समाधि के पास गंदा पानी भरा हुआ है जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। यहां पड़ोस में रहने वाले ग्रामीणों में बीमारी फैलने का डर है।

# जन्मदिन से लौटते युवक की पीट-पीटकर हत्या! मेरठ अस्पताल में तोड़ा दम, 3 नामजद सहित कई पर मुकदमा दर्ज





**दैनिक बुलंद मंजिल/ नागेन्द्र राजपूत**

**चांदपुर** । थाना चांदपुर क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक मामूली सड़क हादसे ने खूनी रूप ले लिया। बाइक और स्कूटी की टक्कर के बाद युवक को जबरन उठाकर ले जाया गया और लाठी-डंडों से बुरी तरह पीट-पीटकर अधमरा कर दिया गया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती युवक ने आखिरकार मेरठ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव हेजरपुर निवासी प्रशांत (पुत्र सियाराम) 22 मार्च 2026 की शाम करीब 7 बजे अपने साढू के घर गांव मिजार्पुर बैला जन्मदिन समारोह में शामिल होने गया था। कार्यक्रम से लौटते समय रास्ते में उसकी बाइक की टक्कर तखनपुरी निवासी एक युवती की स्कूटी से हो गई।

परिजनों का आरोप है कि इस मामूली टक्कर के बाद युवती के परिजन और उनके साथ मौजूद अन्य लोगों ने प्रशांत को जबरन अपने साथ ले लिया। आरोप है कि उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा गया और जान से मारने की नीयत से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।

हद तो तब हो गई जब आरोपी घायल प्रशांत को मिजार्पुर बैला गांव में एक कथित बंगाली चिकित्सक के पास छोड़कर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद सोमवार सुबह परिजन घायल अवस्था में प्रशांत को लेकर थाना चांदपुर पहुंचे और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए प्रशांत को सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया, जहां से हालत नाजुक होने पर उसे बिजनौर के हायर सेंटर रेफर किया गया। बाद में उसे मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन तमाम कोशिशों के बावजूद बीती रात उसने दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने युवक की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में 3 नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, जबकि अन्य अज्ञात आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बड़ा सवालः क्या एक छोटी सी सड़क दुर्घटना का अंजाम इतनी क्रूर हत्या हो सकता है? इस घटना ने कानून-व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों में भारी रोष है और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग तेज हो गई है।